Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 68 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 26 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



संसार मोह का परिणाम है, इस मोह के अंधकार को मिटाने के लिए जिनवाणी है।
This world is the offspring of delusion, this jinwani is for displing the darkness and delusion.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

**केंद्रीय गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ तथा पड़ोसी राज्यों में चल रहे माओवादी आतंक विरोधी अभियान की समीक्षा की**

## अमित शाह ने कहा- माओवादी आतंक विरोधी अभियान के हर मोर्चे पर छत्तीसगढ़ सरकार को मिली अच्छी सफलता



**छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से लड़ाई में जिस मदद की आवश्यकता होगी उसे भारत सरकार उपलब्ध कराएगी**

**छत्तीसगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 30 करोड़ रुपए देने की घोषणा**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ तथा पड़ोसी राज्यों में चल रहे माओवादी आतंक विरोधी अभियान की आज रायपुर में समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में माओवादी आतंक विरोधी अभियान में छत्तीसगढ़ सरकार को हर मोर्चे पर बहुत अच्छी सफलता मिली है। पिछले आठ माह में माओवादी आतंक को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ में जितना कार्य हुआ है, उतना कभी नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि माओवादियों का एरिया बहुत सीमित रह गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल विरोधी अभियान में बहुत अच्छी कार्रवाई कर रही है। जितनी तेज और प्रभावी कार्यवाही साय सरकार ने 8 माह में की, जिस्म 150 माओवादी आतंकवादी न्यूट्रेलीज़ किए गए और इससे 4 गुना ज़्यादा लोगों ने आत्मसमर्पण किया, वह पूरे भारत में आज तक कहीं नहीं हुआ। इस कार्यवाही में उन्होंने और तेजी लाने के उन्होंने निर्देश दिए।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री से मैं लगातार बात करता हूं, छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से लड़ाई में जिस मदद की आवश्यकता होगी उसे भारत सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की एजेंसियों को मिलकर नक्सलियों की वित्तीय कड़ी को तोड़ने का कार्य करना चाहिए। टैक्स एजेंसियों को भी संवेदनशील होकर नक्सलियों की वित्तीय कड़ियों को तोड़ने के लिए करवाई करनी चाहिए।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने नक्सल प्रभावित इलाकों में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को शासकीय योजनाओं, प्रक्रियाओं और इंटेंट द्वद्द बारे में सही इन्फॉर्मेशन दी जाए। लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी जाए। ये हमें सुनिश्चित करना होगा कि केंद्र और राज्य की सभी 300 योजनायों का शत प्रतिशत सैचुरेशन हो, उनका पूर्ण क्रियान्वयन हो। ऐसे क्षेत्र जहां माओवादी आतंक खत्म हो गया है, वहां ये समस्या दोबारा पैदा ना हो ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इन क्षेत्रों में लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी हथियार वाले आन्दोलन को लोगों में सरकार के प्रति विश्वास पैदा करके ही समाप्त किया जा सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 30 करोड़ देने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक श्री अषोक जुनेजा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, माओवादी आतंक विरोधी अभियान की प्रगति और भावी योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस पर विचार-विमर्ष के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के माओवादियों में से अधिकाधिक आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, हमें समर्पण योजना की जानकारी व्यापक रखनी चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन, आईबी, एनआइए, सीआरपीफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी के महानिदेशक, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अषोक जुनेजा सहित झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रायपुर के 3 दिवसीय प्रवास के बाद नई दिल्ली रवाना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के 3 दिवसीय प्रवास के बाद आज नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर श्री अमित शाह को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहार जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, श्री अनुज शर्मा, श्री राजेश मूणत, श्री धरम लाल कौशिक, श्री अमर अग्रवाल, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाव-भीनी विदाई दी।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में ली राज्य में सहकारिता के विस्तार से संबंधित समीक्षा बैठक

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने के लिए देश की हर पंचायत में एक सहकारी समिति का गठन किया जाए**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में राज्य में सहकारिता के विस्तार से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के सभी 33 ज़िलों में पानी समिति के रूप में प्राथमिक कृषि साख समिति (Primary Agriculture Credit Society) का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप और केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी भी उपस्थित थे। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत 'पीपल फॉर पीपुल' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण और छत्तीसगढ़ सरकार के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने के लिए देश की हर पंचायत में एक सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को संपूर्ण जनजातीय विकास के लिए एक नई पब्लिक डेयरी योजना बनानी चाहिए, जो पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी संस्था का काम करेगी।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 2058 'पैक्स' ने मॉडल बाय-लॉज़ को अपना लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का उपयोग छत्तीसगढ़ में ड्राई एरिया ढूंढने के लिए करना चाहिए, जिससे सहकारिता के विस्तार में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कम्प्यूटराइज़ेशन होने के साथ ही हर 'पैक्स' को सीएससी बना देना चाहिए, जिससे 'पैक्स' द्वारा अनेक गतिविधियों का लाभ ग्रामीण जनता तक पहुंच सके। अमित शाह ने कहा कि इथेनॉल उत्पादन के लिए एनसीसीएफ, नेफेड और राज्य के बीच अनुबंध होना चाहिए जिससे किसानों को मक्के की खेती के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके।

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने रायपुर में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आंचलिक इकाई कार्यालय का किया ऑनलाइन उद्घाटन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के आंचलिक इकाई कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया। श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, महानिदेशक, एनसीबी, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का 2047 में भारत की आज़ादी के शताब्दी वर्ष में नशामुक्त देश का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और वैभवशाली भारत के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अमित शाह ने कहा कि ड्रग्स सिर्फ भारत की ही नहीं बल्कि एक वैश्विक समस्या है। अमित शाह ने कहा कि भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को शिद्दत, गंभीरता और एक संपूर्ण रणनीति के साथ लड़ेंगे तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में नारकोटिक्स का अवैध व्यापार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जुड़ा हुआ है। अमित शाह ने कहा कि ड्रग्स के अवैध व्यापार से अर्जित धन आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद को बढ़ावा देता है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स से न सिर्फ देश की युवा पीढ़ी बर्बाद होती है बल्कि देश की सुरक्षा भी कमज़ोर होती है।

### केंद्रीय गृह अमित मंत्री शाह ने 'पीपुल फॉर पीपल' अभियान का किया शुभारंभ

**नवा रायपुर में 204.84 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा परिसर में 'पीपुल फॉर पीपल' अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत रेलवे स्टेशन, स्मार्ट रोड, पार्किंग एवं स्मार्ट स्कूल सहित 204.84 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने की।

**एक लाख पौधों का होगा रोपण** : नवा रायपुर अटल नगर द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत 'पीपुल फॉर पीपल' कार्यक्रम में एक लाख से अधिक स्थानीय प्रजाति के बड़े पेड़ रोपे जाएंगे।

## दोषी कोई भी हो, वह बचना नहीं चाहिए, कोलकाता रेप कांड पर बोले पीएम मोदी

**महाराष्ट्र ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नेपाल बस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके साथ ही, उन्होंने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले पर कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य है और दोषी कोई भी हो, बचना नहीं चाहिए।



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का कोई भी राज्य हो, अपनी बहनों और बेटियों की पीड़ा और उनके गुस्से को वह समझ रहे हैं। उन्होंने कहा, आज मैं एक बार फिर देश के हर राजनीतिक दल से कहूंगा और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है।

उन्होंने कहा, दोषी कोई भी हो, वह बचना नहीं चाहिए। उसको किसी भी रूप में मदद करने वाले बचने नहीं चाहिए। अस्पताल हो, स्कूल हो, दफ्तर हो या फिर पुलिस व्यवस्था, जिस भी स्तर पर लापरवाही होती है सबका हिसाब होना चाहिए। ऊपर से नीचे तक मैसेज एकदम साफ जाना चाहिए कि यह पाप अक्षम्य है। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी सरकार कानूनों को भी लगातार सख्त कर रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल के बस हादसे में महाराष्ट्र के जलगांव के अनेक लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने सभी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा, जैसे ही ये हादसा हुआ भारत सरकार ने तुरंत नेपाल सरकार से संपर्क किया। हमने हमारी मंत्री रक्षा खडसे को तुरंत नेपाल जाने के लिए कहा। हमारे जो परिजन नहीं रहे उनके पार्थिव शरीर को हम वायुसेना के विमान से वापस लाए हैं। जो घायल हैं, उनका अच्छे से इलाज चल रहा है। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

उन्होंने कहा कि आज लखपति दीदियों का महासम्मेलन हो रहा है। मेरी बहनें यहां बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। आज यहां से देशभर के लाखों सखी मंडलों के लिए छह हजार करोड़ से अधिक की राशि जारी की गई है। मेरी सभी माताओं-बहनों को बहुत-बहुत शुभेच्छा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान जब मैं आपके पास आया था, तो मैंने वादा किया था कि हमें तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है। इसका मतलब है कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में काम करती हैं और उनकी सालाना आय एक लाख रुपये से अधिक हो। पिछले 10 साल में एक करोड़ लखपति दीदी बनीं। महाराष्ट्र में माताओं-बहनों के लिए, नौजवानों और किसानों के लिए एक से बढ़कर एक स्कीम्स, नई-नई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लखपति दीदी बनाने का यह अभियान... पूरे परिवार को और आने वाली पीढ़ियों को सशक्त करने का एक महा-अभियान है। ये गांव के पूरे अर्थतंत्र को बदल रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि पोलैंड के लोग, महाराष्ट्र के लोगों का बहुत सम्मान करते हैं। वहां की राजधानी में एक कोल्हापुर मेमोरियल है। पोलैंड के लोगों ने ये मेमोरियल, कोल्हापुर के लोगों की सेवा और सत्कार की भावना को सम्मान देने के लिए बनाया है। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान, पोलैंड की हजारों माताओं और बच्चों को कोल्हापुर के राज परिवार ने शरण दी थी।

## यूपी के बिजनौर में पैसेंजर्स से भरे 8 डिब्बों को पीछे छोड़ भाग गई किसान एक्सप्रेस

**बिजनौर ( आरएनएस )।** यूपी के बिजनौर में रविवार सुबह बड़ा रेल हादसा होने से बच गया. पैसेंजर्स से भरी हुई गाड़ी संख्या (13307) किसान एक्सप्रेस सुबह 4 बजे दो हिस्सों में बंट गई, जहां ट्रेन का इंजन 13 बोगियों को लेकर 4 किलोमीटर तक आगे निकल गया. वहीं, इसके 8 डिब्बे पीछे ही छुट गए. ये गाड़ी झारखंड के धनबाद से फिरोजपुर जा रही थी. हादसा रविवार सुबह 4 बजे मुरादाबाद के आगे स्योहारा और धामपुर रेलवे स्टेशन के बीच हुआ.

बता दें कि किसान एक्सप्रेस (13307) के सुबह 4 बजे करीब मुरादाबाद के आगे स्योहारा रेलवे स्टेशन के चकरामल गांव के पास से गुजरते हुए एस3 और एस4 डिब्बे को जोड़ने वाली बोगी की कपलिंग टूट गई. गनीमत रही कि किसी भी पैसेंजर के चोटिल होने की कोई खबर नहीं है. अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) धर्म सिंह मार्छाल ने बताया कि सुबह करीब चार बजे कुछ तकनीकी समस्या के कारण धनबाद जा रही एक ट्रेन की कुछ बोगियां इंजन और अन्य बोगियों से अलग हो गईं. उन्होंने बताया कि ट्रेन को स्योहारा रेलवे स्टेशन पर रोका गया है. स्लीपर बोगी की कपलिंग टूटने के बाद ट्रेन के गार्ड ने ड्राइवर और अफसरों को इसकी सूचना दी. थोड़ी देर में रेलवे की टीम मौके पर पहुंच गए।

## सरकारी कर्मचारियों को आखिरी सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा; मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिये नई पेंशन योजना (एनपीएस) के विकल्प के रूप में शनिवार को एक नई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी जिसमें कर्मचारी को 25 वर्ष की सेवा के बाद आखिरी वर्ष के औसत वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन मिलेगी। यूपीएस के लिये सरकार 18.5 प्रतिशत का योगदान करेगी और इसमें फैमिली पेंशन, गारंटी शुदा न्यूनतम पेंशन और सेवानिवृत्ति के बाद एकमुश्त भुगतान के भी प्रावधान किये गये हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी देते हुये सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा, यह योजना पूर्ण रूप से वित्तीय व्यवस्था के साथ लागू की जा रही है। यह कांग्रेस शासित कुछ राज्यों की योजनाओं के तहत कोई खोखला वादा नहीं है। उन्होंने बताया कि इस योजना से 30 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों को फायदा होने की उम्मीद है और राज्य सरकारें यूपीएस को लागू करती हैं तो कुल 90 लाख कर्मचारियों को इसका फायदा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि एनपीएस में सरकार अपनी ओर से 14 प्रतिशत अंशदान करती है, इसे बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को एनपीएस से यूपीएस से चुनने का विकल्प केवल एक बार के लिये होगा।

### जम्मू-कश्मीर की गांदरबल सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे उमर अब्दुल्ल

**श्रीनगर ( आरएनएस )।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला आगामी विधानसभा चुनाव में गांदरबल सीट से चुनाव लड़ेंगे। एनसी के सांसद सैयद रुहुल्लाह मेहदी, पार्टी नेता नासिर असलम वानी और अनंतनाग-राजौरी से सांसद मियां अल्ताफ अहमद की मौजूदगी में रविवार को हुई बैठक के बाद उमर अब्दुल्ला के नाम का ऐलान किया गया।

## विद्युत पारेषण कंपनी में उत्कृष्ट कार्य के लिए छह कर्मी पुरस्कृत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विषम परिस्थितियों में असाधारण कार्य करने वाले छह कर्मियों को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया। पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने पदक और प्रशस्ति पत्र भेंट किया। उन्होंने कहा कि पारेषण कंपनी की यह अच्छी परंपरा है, इससे दूसरे कर्मी भी प्रेरित होते हैं। हमें बेहतर स्थिति से और बेहतर कार्यशैली विकसित करने के लिए निरतंर प्रयास करते रहना चाहिए। इससे कंपनी की कार्यप्रणाली उत्कृष्ट होती है।

सेवाभवन में आयोजित समारोह में प्रबंध निदेशक के साथ कार्यपालक निदेशकगण श्री एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक भार प्रेषण श्री केएस मनोठिया, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) श्री अशोक कुमार वर्मा, कार्यपालक निदेशक एस एंड पी श्री आरसी अग्रवाल, मुख्य अभियंता उपकेंद्र रायपुर श्री जी. आनंद राव, मुख्य अभियंता लाइन श्री एके अंबस्ट, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विनोद अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र ने किया।

भिलाई ईएचटी संधारण संभाग के श्री बृजेश कुमार परिचारक श्रेणी 01 (लाइन) को औद्योगिक पार्क हथखोज में 132 केवी अतिउच्चदाब लाइन के ब्रेकडाउन को विषम परिस्थितियों में जोखिम लेते हुए पुन: सुचारू रूप से चालू करने के लिए पुरस्कृत किया गया। श्री बसंत टोप्पो, अति, प्रभारी सहायक अभियंता, टीएलएम संभाग अंबिकापुर को सीमित संसाधनों और स्टाफ की कमी के बावजूद खराब मौसम व बारिश तूफान बीच एक ही दिन में 220 केवी और 132 केवी की लाइनों में आए चार ब्रेकडाऊन को कुछ ही घंटों में सुधारने का कार्य कराने के लिए सम्मानित किया गया।

श्री राकेश मोहन मरावी, कनिष्ठ अभियंता 400 केवी सबस्टेशन कुरूद धमतरी को 400 केवी सब स्टेशन में 315 एमवीए व 220 केवी के बी फेज रिकंडिशनिंग कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करवाकर ऊर्जीकृत करने का उल्लेखनीय कार्य किया। इनकी कार्य के प्रति सेवा और समपर्ण को देखते हुए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। श्री टी. सिन्हाचलम परिचारक श्रेणी 02 लाइन कार्यालय कार्यपालन अभियंता कर्मशाला संभाग भिलाई को टावर और स्ट्रक्चर के निर्माण में महत्वपूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बैंडिंग के लिए कर्मशाला संभाग में बंद पड़ी पुरानी हस्तचलित बैंडिंग मशीन की जगह कंपनी व्दारा स्वीकृत ड्राइंग के आधार पर नई बैंडिंग मशीन का निर्माण किया। इस नई हस्तचलित बैंडिंग मशीन से टावर की न केवल बैंडिंग सही तरीके से हो रही है, बल्कि पुरानी मशीन की जो समस्याएं थीं, उन्हें भी उन्नत कर लिया गया है। श्री फिरसिंह पैकरा, लाइन सहायक श्रेणी-02, 220 केवी सब स्टेशन उरला को सर्किट ब्रेकर के मैकेनिज्म को करने की विशेषज्ञता के लिए सम्मानित किया गया। वे सब स्टेशन में गेंट्री आदि ऊंचाई में विशेष दक्षता व क्षमता से कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। इस विशेष क्षमता के कारण 220 केवी क्षमता के सब स्टेशन उरला के अलावा अन्य सब स्टेशन में भी आपकी सेवाएं ली जाती हैं। उन्होंने उरला, सितलरा, कचना सहित अनेक लाइन व फीडरों में आई समस्याओं को दूर करने में अपना असाधारण योगदान दिया है।

## शंभू बॉर्डर खोलने के लेकर किसानों और प्रशासन के बीच हुई मीटिंग, नहीं निकला कोई नतीजा



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** शंभू बार्डर पर किसानों का धरना 6 महीने बाद भी जारी है। जिसको लेकर आज किसानों और प्रशासन के बीच पटियाला पुलिस लाइन में दूसरी बैठक हुई। लेकिन इस बैठक में भी कोई फैसला नहीं निकल पाया।

मीटिंग में प्रशासन के अधिकारी और किसान नेता मौजूद थे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मीटिंग के बाद कहा कि हमने कोई रास्ता बंद नहीं किया है। रास्ता हरियाणा व केंद्र सरकार की तरफ से बंद किया गया है। ऐसे में सरकार को शंभू बार्डर खोलना चाहिए। हमने प्रशासन के सामने अपनी बातें रखी है। हम बातचीत के लिए हमेशा तैयार है। शंभू बॉर्डर संबंधी केस लेकर हम सुप्रीम कोर्ट नहीं गए। यह केस उदय प्रताप वर्सेज हरियाणा सरकार है। हम तो इसलिए आए है कि मीडिया में यह बात न जाए कि इन्हें बुलाया और मीटिंग के लिए नहीं गए। मुद्दे पहले दिन से ही साफ है। हमारी तरफ से कोई रुकावट नहीं है। हम तो 13 फरवरी से कर रहे है रास्ता न रोका जाए। वहीं, जब उनसे पूछा किया जब रास्ता खुल गया तो वह क्या करेंगे। इस पर पंधेर ने कहा कि रास्ता खुलने के बाद दोनों फोरम की मीटिंग की जाएगी।

# 6 करोड से अधिक रकम की मादक पदार्थो एवं नशीली दवाईयों को पुलिस ने किया नष्ट



**राजनांदगांव रेंज के जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर, अं.चौकी के 103 प्रकरणों के 6564.095 कि.ग्रा. गांजा का किया गया नष्टीकरण**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के द्वारा राजनांदगांव रेंज अन्तर्गत जिलों में जप्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु उच्च स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी गठित की गई है, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव को अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव/कबीरधाम को सदस्य मनोनित किया गया है।

दिनांक 23.08.2024 एवं 24.08.2024 को दीपक कुमार झाँ पुलिस महानिरीक्षक, अध्यक्ष ड्रग डिस्पोजल कमेटी राजनांदगांव रेंज की अध्यक्षता में थाना सोमनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सांकरा में स्थित रूस् रूत. ऋ्ष्स्ह्रूस्, ऋ्ड्द्रठ्ड्ठ्स्र्द्दृड्श्ठ् के भस्मीकरण यंत्र में रेंज के जिलों के कुल 6564.095 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) को जलाकर व अन्य नशीली दवाईयों (कैप्सूल 2830 नग, टेबलेट 169 नग एवं इंजेक्शन 1672 नग को प्लांट के पास जेसीबी से गड्ढा खोदकर एवं दबाकर पाट कर विधिवत् नष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

ज्ञात हो कि राजनांदगांव रेंज के कुल 103 प्रकरणों में से जिला राजनांदगांव के 15 प्रकरण जिसमें 2160.625 किलोग्राम गांजा, जिला कबीरधाम के 61 प्रकरण जिसमें 3812.23 किलोग्राम गांजा, 101 नग टेबलेट, 1672 नग इंजेक्शन, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के 21 प्रकरणों में 571.38 किलोग्राम, 2830 नग कैप्सूल व 68 नग टेबलेट तथा जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के 06 प्रकरणों में 19.86 किलोग्राम गांजा जिनकी कुल कीमत करीबन 06 करोड 77 लाख रूपये थी। इस नष्टीकरण कार्यवाही के दौरान दीपक कुमार झाँ पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, डॉ. अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, देवचरण पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अं. चौकी, अजीत ओग्रे उप पुलिस अधीक्षक नक्स. ऑप्स राजनांदगांव, तनुप्रिया ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक अजाक, सिद्धार्थ सिंह चौहान प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, प्रभारी रसानज्ञ क्षेत्रीय कार्यालय छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई सहित जिला राजनांदगांव/कबीरधाम/खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई/मोहला-मानपुर-अं.चौकी के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एकीकृत लोकपाल योजना के अंतर्गत एसबीआई के लीडबैंक द्वारा लोक संपर्क सभा का आयोजन किया गया




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** स्थानीय नगर भवन में भारतीय स्टेटबैंक की लीड बैंक इकाई के द्वारा वृहद लोक संपर्क सभा का आयोजन किया गया। रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया रायपुर के चीफ जनरल मैनेजर व लोकपाल जे पी तिर्की के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में ए जी एम व उप लोकपाल आर बी आई रायपुर गजेंद्र साहू, एक्सिस बैंक रायपुर क्लस्टर के सीनियर VP-1 प्रशांत पाणिग्रही, बैंक ऑफ बड़ौदा के डी जी एम रायपुर रमेश कुमार मोहंती, एच डी एफ सी रायपुर सर्कल हेड श्रीमती शिल्पा सक्सेना व एस बी आई बलौदाबाजार के मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे उपस्थित थे। एल बी एम विनय चौहान, मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे व पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रो एस एम पाध्ये ने सभी मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

मुख्य अतिथि जे पी तिर्की ने आज के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि बैंक के पास ग्राहक की शिकायत आना अच्छी बात है इससे रिश्ता बढ़ता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई बीमार व्यक्ति डॉक्टर के पास जाता है, डॉक्टर उससे विस्तार से पूछता है और कहता है कोई बात नही सब ठीक हो जायेगा इतने से उसकी आधी बीमारी ठीक हो जाती है। यही व्यवहार सभी बैंक के शाखा प्रबंधकों को अपने ग्राहकों से करना चाहिए। उन्होंने ग्राहकों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित खातेदारों से भी कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। यह ग्राहक का अधिकार है कि वह अपने अधिकार की लड़ाई लड़ सकता है। उन्होंने बैंकों से पारदर्शिता रखने का आग्रह किया। उन्होंने बैंकरों से कहा कि ग्राहक को वही बताया जाए जो उसके हित में हो। उन्होंने ग्राहकों को शिकायत करने के तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। शिकायत सही पाए जाने पर ग्राहक को बतौर हर्जाना एक लाख रुपये तक प्रतिपूर्ति देने का प्रावधान बताया। यदि ए टी एम से पैसा न निकला हो और खाते से कट गया हो तो 5 दिन में पैसा वापस आ जाता है और न आये तो 6 वे दिन से प्रतिदिन 100 रुपये रोज की दर से बैंक को पेनाल्टी होगी उन्होंने बताया।

पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित ग्राहकों को बताया कि किस तरह सायबर क्राइम होते हैं और हैकर्स से किस तरह सावधान रहना चाहिए। इस अवसर पर नगर के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त पेंशनर्स, वरिष्ठ नागरिक, महाविद्यालय के छात्र, छात्राएं, प्राध्यापक, महिला स्व-सहायता समूह के महिलाएं, कृषक, नगर के व्यवसायी, उद्योगपति आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। लीड बैंक मैनेजर विनय चौहान ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया। मुख्य प्रबंधक एस बी आई देवेंद्र कुमार दुबे इस आयोजन की मेजबानी करने का अवसर प्रदान करने के लिए लोकपाल आर बी आई जे पी तिर्की के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भारत मे एस बी आई के 48 करोड़ से भी अधिक खातेदार हैं। यह देश की सबसे बड़ी बैंकिंग संस्था है। देश की आधे से भी अधिक आबादी को इस बैंक पर विश्वास व आस्था है तथा हमारा हर संभव प्रयास रहता है कि ग्राहक हमसे संतुष्ट हो कर जाय उन्होंने कहा।

# लखपति पहल दीदी के तहत लखपति परिवार और लखपति सीआरपी को सम्मान पत्र वितरण



**जिले में 2445 परिवार को 100 दिवस में बने लखपति दीदी**

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** दिनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार द्वारा 25 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के 11 लाख परिवार को लखपति पहल दीदी के तहत लखपति परिवार और लखपति सीआरपी को सम्मान पत्र वितरण का कार्यक्रम जलगांव महाराष्ट्र में रविवार को संपन्न किया गया। इसी परिपेक्ष्य में रविवार को बस्तर जिले में 2445 परिवार को 100 दिवस में बने लखपति दीदी जो कृषि आधारित, पशुपालन आधारित, मत्स्य पालन, हस्तशिल्प, उद्यम आधारित, वनोपज आधारित, मनरेगा जैसे गतिविधि करते हुए एक लाख से अधिक आय अर्जित किए है। 50 से अधिक लखपति सीआरपी जो लखपति बनाने के लिए समूह सदस्य को प्रेरित किए है उन को सम्मान पत्र वितरण बस्तर जिले के समस्त विकासखंड के संकुल संगठन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे ने प्रमाण पत्र वितरण किए ऐसे ही सभी विकासखंड के जनपद सीईओ और जनपद स्तर के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे और सम्मान पत्र वितरण किया गया, साथ ही एनआरएलएम में पदस्थ डीपीएम, बीपीएम, वाई पी, एसी, पीआरपी, आरबीके, सक्रिय महिला और समूह के सदस्य भी शामिल हुए।

# विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ सैकड़ों युवा कांग्रेसियो ने किया जेल भरो आंदोलन




**भिलाई (विश्व परिवार)।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर जेल में बंद करने से पूरे प्रदेश भर में आक्रोश फैल गया है. इसी कड़ी में आज भिलाई जिला के युवा कांग्रेस ने आज सिविक सेंटर चौक से कोतवाली थाना तक जेल भरो आंदोलन किया. इस दौरान युवा कांग्रेस के साथ पुलिस की जोर दार झड़प भी हुई. आंकड़ों की संख्या में पुलिस जवान युवा कांग्रेस को रोकने के लिए तैनात थी. लेकिन युवा कांग्रेस ने जोरदार विरोध किया और सत्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च करते हुए कोतवाली में पहुंचने.

इस दौरान पुलिस ने युवा कांग्रेस को रोकने के लिए बेरीकेट्स लगा रखे थे. लेकिन इसके बाद भी युवा कांग्रेस जोरदार नारे बाजी और प्रदर्शन किया. युवा कांग्रेस ने अपनी भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को रिया करने की मांग की. साथी सार्वजनिक रूप से पुलिस प्रशासन की कार्यवाही और सत्ता राजनीतिक षड्यंत्र के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया. इसके बाद सैकड़ो युवा ने अपनी गिरफ्तारी दी।

अर्जुन शर्मा भिलाई विधानसभा अध्यक्ष ने बताया की भारत जोड़ो यात्रा में देवेंद्र यादव राहुल गाँधी के साथ देश की शान तिरंगा ले कर पूरे यात्रा भर साथ चले. इससे प्रदेश और देश भर में देवेंद्र यादव की लोकप्रियता बढ़ने लगी. जिसे देखते हुए प्रदेश के बाद पर सरकार ख्वाब बैठ गया कि यह प्रदेश का ही नहीं बल्कि पूरे देश का बड़ा नेता बन जाएगा. और इसी के बाद से वह नगर विधायक देवेंद्र यादव के लोकप्रियता को कम करने उसकी छवि को खराब करने के लिए भाजपाइयों ने षड्यंत्र करना शुरू कर दिया. इसी षड्यंत्र किताब देवेंद्र यादव को कई मामलों में फंसाने का प्रयास भी किया गया है। जेलभर आंदोलन के दौरान हजारों की संख्या में यूथ कांग्रेसी उपस्थिति रहे जिसमे जिला अध्यक्ष विभोर दुरगकर, भिलाई विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, वैशाली नगर अध्यक्ष पलाश लिमेष प्रदेश सचिव जुल्फ़िकार, कार्यकारी अध्यक्ष इमामुद्दीन खान मनीष तिवारी संदीप वोरा, जयंत देशमुख, आयुष शर्मा, सोएब, सतनाम, भास्कर दुबे, राज, शुभम सिंह, असफाक, नवीन अग्रवाल, सोहेल, सीखा रॉय, अमन रखी, इमाम, आर्यन, सदाम, अफ़ज़ल, आफताब, अभय सिंह, भरत, अयूब, प्रिंस, सागर, हैदर, हिमांशु अदि सैकड़ो की सख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित थे।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरे पक्षकार **M/s अटुड स्टील प्राइवेट लिमिटेड (पेन नं. AAUCA2863J) डायरेक्टर एवं अधिकृत प्रतिनिधि- श्री मुकेश वर्मा, उम्र 46 वर्ष पिता स्वर्गीय श्री एस पी वर्मा,** पता C2-101, ब्लॉक C, पहला माला, VIP करिश्मा खम्हारडीह रोड, शंकर नगर,रायपुर (छ.ग.) ने **श्रीमती सरस्वती साहू पति दुर्गेश कुमार साहू,** निवासी मौली पारा तेलीबांधा रायपुर तहसील- रायपुर जिला-रायपुर छ.ग के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम- बरौदा, रा.नि.मं. धरसींवा एक तहसील- रायपुर जिला रायपुर छ.ग जिसका खसरा नं 9/4, कुल रकबा 0.1620 हेक्टेयर विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर सौदा कर लिया है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग को कोई आपत्ति हो अथवा पूर्व में कोई अनुबंध पत्र निष्पादित हो तो वह इस प्रकाशन के पंद्रह (15) दिवस के अंदर मेरे निम्न पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त डुप्लेक्स का विक्रय पत्र अपने हक में पंजीकृत करवाने हेतु स्वतंत्र होगा व उक्त समयावधि के पश्चात कोई दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अधिवक्ता राजेंद्र पटेल ,**
**केनरा बैंक भवन, कांग्रेस भवन के सामने,**
**गाँधी मैदान ,रायपुर ( मोबाइल 99261-28407 )**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरे पक्षकार **गोटविन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड,द्वारा डायरेक्टर श्री नवीन कुमार झा, उम्र 44 वर्ष ,पिता बासुदेव झा, पता C2-101, ब्लॉक C, पहला माला, VIP करिश्मा खम्हारडीह रोड, शंकर नगर,रायपुर ( छ.ग. )** ने **श्री दुर्गेश कुमार साहू, निवासी मौली पारा तेलीबांधा रायपुर तहसील- रायपुर जिला-रायपुर छ.ग** के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम- बरौदा, रा.नि.मं. धरसींवा एक तहसील- रायपुर जिला रायपुर छ.ग जिसका खसरा नं 9/6 रकबा 0.3560 हेक्टेयर , खसरा नं 17/2 रकबा 1.0520 हेक्टेयर, खसरा नं 17/3 रकबा .0.5260 हेक्टेयर कुल खसरा - 3 कुल रकबा 1.9340 हेक्टेयर विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर सौदा कर लिया है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग को कोई आपत्ति हो अथवा पूर्व में कोई अनुबंध पत्र निष्पादित हो तो वह इस प्रकाशन के पंद्रह (15) दिवस के अंदर मेरे निम्न पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त डुप्लेक्स का विक्रय पत्र अपने हक में पंजीकृत करवाने हेतु स्वतंत्र होगा व उक्त समयावधि के पश्चात कोई दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अधिवक्ता राजेंद्र पटेल ,**
**केनरा बैंक भवन, कांग्रेस भवन के सामने,**
**गाँधी मैदान ,रायपुर ( मोबाइल 99261-28407 )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

**पत्र क्र./13971/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 24-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13971**
**वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110B00174** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RESHMA HINDUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANIHIYALAL HINDUJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANUNAY GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O PURUSHOTTAM GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./11573/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 17-05-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11573**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220D00020** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NARAYAN DAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O DHURIYAMAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री विजय पंजवानी - पिता स्व. श्री परमानंद पंजवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. श्री सुदामा मल पंजवानी - पिता स्व. श्री नारायणदास पंजवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

**पत्र क्र./14020/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14020**
**वार्ड का नाम-37-तात्यापारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR717C00009** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. PUSHPA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अभिनंदन जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **देशराज जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीती सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

**पत्र क्र./14017/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14017**
**वार्ड का नाम-24-सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 24 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818D00023** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHHATRAPAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAKHAN SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मधु चौधरी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पप्पू चौधरी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीती सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महा-महोत्सव

# श्रीकृष्ण और राधा रानी के रूप में बच्चों ने फैंसी ड्रेस और भक्ति नृत्य की प्रस्तुति



**रायपुर (विश्व परिवार)।** इस्कॉन मंदिर टाटीबंध में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की शुरूआत हो चुकी है। इस भव्य महोत्सव का शुभारंभ बाल महोत्सव फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं भक्ति नृत्य के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में इस्कॉन मंदिर अध्यक्ष एच एच सिद्धार्थ स्वामी, उपाध्यक्ष स्वामी सुलोचन कृष्ण दास ओर जनार्दन दास शामिल हुए। मंदिर प्रांगण में आए प्रतिभागी बच्चों ने बाल कृष्ण और राधा रानी के रूप में फैंसी ड्रेस स्पर्धा में भाग लिया। वहीं, भक्ति नृत्य में भाग लेने वालों बच्चों ने भी अपनी आकर्षक पोशाक और डांस स्टेप से दर्शकों का मन मोह लिया।

बाल महोत्सव कार्यक्रम की संयोजिका कंचन सिंघानिया और सुलोचन बंका ने बताया कि इस्कॉन मंदिर में पिछले 23 वर्षों से बाल फैंसी ड्रेस स्पर्धा और भक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है और इसी क्रम में आज का कार्यक्रम भी भव्य रूप से आयोजित किया गया है। दोनों स्पर्धाओं में कुल 350 बच्चों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया, जिसमें फैंसी ड्रेस में 50, भक्ति नृत्य के जूनियर वर्ग में 150 और सीनियर वर्ग में 150 बच्चों ने भाग लिया। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दोनों स्पर्धाओं में निर्णायक के रूप में परमिंदर कौर और भावेश मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

**पत्र क्र. /13983/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 24-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13983**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568E0576A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BHOJ KUMARI YADU, W/O LT. RAMULAL/AJAY KUMAR/ ANIRUDH/ANURADHA YADU S/O LT. RAMULAL YADU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. RAMU LAL YADU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AJAY KUMAR YADU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. RAMU LAL YADU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **बंटवारानामा** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

**पत्र क्र. /14013/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 24-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14013**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568D00014** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANAND PRAKASH SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAVAHAR LAL SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURESH KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN LAL AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

**पत्र क्र./13625/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13625**
**वार्ड का नाम-25-संतराम दास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818F00219** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANOJ KUMAR, PAVAN KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUNIRAM SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सुप्रिया नागेश** पिता/पति, श्री/श्रीमती **राजेश नागेश** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीती सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

**पत्र क्र./13671/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13671**
**वार्ड का नाम-38-शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR516B00473** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUSHILA SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...**के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सतीश कुमार, यतीश कुमार, सुनील कुमार सोनी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. ईश्वर प्रसाद सोनी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र सहमति प्रत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीती सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

**पत्र क्र./13904/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13904**
**वार्ड का नाम-37-तात्यापारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR738F00055** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RANJIT KAUR, MANDEEP SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRITAM SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **प्रेमसुधा सिंह** पिता/पति, श्री/श्रीमती **माता प्रसाद सिंह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीती सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

**पत्र क्र./13670/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13670**
**वार्ड का नाम-38-शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR516B00019** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DULARI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राजेन्द्र सिंह ठाकुर, संजय सिंह ठाकुर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. दामोदर सिंह ठाकुर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र सहमति पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीती सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

**पत्र क्र./13937/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13937**
**वार्ड का नाम-38-शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR516C00195** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NAVRATAN AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RADHESHYAM AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शरद कुमार पुरोहित** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. ललित लाल पुरोहित** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीती सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

**पत्र क्र./14008/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-08-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14008**
**वार्ड का नाम-22-पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 22 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR814F01012** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ALIASGAR MAIMUN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAUHAR HUSAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मुरतुजा सैफी पिता सैफुद्दीन, फरजाना सैफी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मुरतुजा सैफी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीती सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# किरायेदारों के सत्यापन के लिए चलाएं अभियान-कलेक्टर

## नेशनल हाईवे में ब्लाईंड स्पॉट्स पर उठाएं एहतियाती कदम, आवारा पशुओं को रेडियम बैंड लगाने व टैगिंग के दिए निर्देश

### जिले में व्यापक स्तर पर चलेगा साईबर जागरूकता अभियान, कलेक्टर ने किया निर्देशित



**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी एसडीएम व एसडीओपी के साथ अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में बाहर से आए श्रमिकों और किरायेदारों का सत्यापन किया जाना है। चूंकि रायगढ़ एक सीमावर्ती जिला है ऐसे में यहां पड़ोसी राज्यों से भी लोगों की आवाजाही होती है। कानून व्यवस्था के लिहाज से सभी एसडीएम और पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में किरायेदारों का सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं। इसके लिए मकान मालिकों को भी जागरूक किया जाए। प्लांट्स में जो गाडियां लग रही हैं वहां ड्राइवर्स के बारे में सभी पुख्ता जानकारी जरूर होनी चाहिए। सीजीएम उद्योग और प्रबंधन विभाग को सभी उद्योगों प्रबंधन को इस दिशा में जानकारी रखने के लिए निर्देशित करने के लिए कहा गया। पुलिस विभाग को वांछनीय जानकारी के लिए प्रपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री गोयल ने मुखबिर तंत्र को मजबूत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर गांवों में बाहरी व्यक्ति के आकर निवास करने वालों की जानकारी जुटा रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील मामलों को लेकर भी पूरी सतर्कता बरती जाए। इसमें सूचना व्यवस्था की भूमिका अहम है। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों का प्राथमिक दायित्व जिले में शांति व्यवस्था बनाकर रखना है। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अस्पतालों के फायर ऑडिट की जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रायगढ़ जिले की ऊंची बिल्डिंग्स की सूची तैयार कर उनके भी फायर ऑडिट की जांच के निर्देश दिया गया। कलेक्टर श्री गोयल ने नेशनल हाईवे में ब्लाइंड स्पॉट्स के आस पास एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। ब्लाईंड स्पॉट्स के पास अवैध कब्जा है उसे हटाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया। पशुपालन विभाग द्वारा सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं पर कार्यवाही के बारे में जानकारी ली गई। पशुपालन विभाग के अधिकारी ने बताया कि बधियाकरण और टैगिंग व रेडियम बैंड लगाया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने नेशनल हाईवे में विशेष रूप से रेडियम बैंड लगाने के निर्देश दिए। खनिज विभाग को अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रखने के लिए कहा गया। साइबर फ्रॉड को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। अपराधी नए-नए तरीके से लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। इसको लेकर जमीनी स्तर तक जागरूकता फैलानी बेहद जरूरी है। कलेक्टर श्री गोयल ने पुलिस विभाग की 'साइबर सुबह' अभियान से सभी अधिकारियों को जुड़ते हुए साइबर फ्रॉड से बचने के तरीकों का व्यापक रूप से प्रचार किया जाए। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में वाहनों के लिए जारी होने वाले पीयूसी सर्टिफिकेट को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पर्याप्त संख्या में पीयूसी सर्टिफिकेट जारी करने वाले स्थिर व चलित केन्द्र संचालित करने के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि पीयूसी केन्द्र के लिए प्रस्ताव मंगाए गए है। कलेक्टर श्री गोयल ने यातायात विभाग को इस दिशा में सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, डीएसपी श्री अभिनव उपाध्याय सहित सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उच्च न्यायालय ने सिटी मजिस्ट्रेट कोरबा, एसपी, एडिशनल कलेक्टर समेत राज्य शासन को फटकारा, 25 हजार का जुर्माना

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पत्नी के विवाद में प्रशासनिक अधिकारी ने हस्तक्षेप तो किया, पर न्याय करने के बहाने खुद ही ऐसा अन्याय कर बैठे कि एक नागरिक के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार पर ही चाबुक चल गया। पति को हिरासत में रखा, गिरफ्तारी हुई और फिर शाम 5 बजे यानी दफ्तर बंद होने के समय ऐन जमानत के वक्त सॉल्वेंट श्योरिटी की शर्त लगा दी। डिमांड पूरी नहीं होने पर उसे जेल भेज दिया गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर में पेश रिट पिटिशन क्रिमिनल पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री रमेश सिन्हा एवं विभू दत्त गुरु, न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए इसे अवैध हिरासत करार देते हुए इस कार्यवाही को पिटिशनर के मौलिक अधिकार का हनन बताया है। मामले में प्रतिवादी रहे सिटी मजिस्ट्रेट कोरबा, एसपी, एडिशनल कलेक्टर सहित राज्य शासन को फटकार लगाते हुए 25 हजार का जुर्माना ठोंका है, जिसका भुगतान 30 दिन के भीतर करना होगा। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में प्रस्तुत डब्ल्यू पी सी आर नंबर 237 आफ 2024 के अनुसार फेस-2 एमपी नगर थाना सिविल लाइंस रामपुर अंतर्गत लक्ष्मण साकेत (29 वर्ष) पिता गोकुल साकेत नामक व्यक्ति निवास करता है। उनकी ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता आशुतोष शुक्ला ने बताया कि कोरबा के सिटी मैजिस्ट्रेट, एडिशनल कलेक्टर ने बालकोकर्मी लक्ष्मण साकेत और पत्नी के बीच विवाद पर अधिकारी ने धारा 107, 16 लगाकर पुलिस कार्यवाही की। जब उसके अधिवक्ता ने जमानत के लिए बेल बांड पेश किया, तो जमानत दे दिया पर जब छोड़ने का समय आया तो शाम को पांच बजे सॉल्वेंट श्योरिटी का एक कंडिशन लगा दिया। शाम हो जाने के कारण लक्ष्मण साकेत की ओर से उनके अधिवक्ता सॉल्वेंट श्योरिटी पेश नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें गलत तरीके से जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा हैं की सिटी मैजिस्ट्रेट को सॉल्वेंट श्योरिटी मांगने का अधिकार ही नहीं था। इस मामले में उसकी ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता आशुतोष शुक्ला द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिट पिटिशन क्रिमिनल पेश किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश ने आदेश पारित किया है। न्यायालय ने राज्य शासन पर 25 हजार का जुर्माना लगाते हुए यह आर्डर पास करते हुए एडिशनल कलेक्टर द्वारा इसे अवैध हिरासत करार दिया है।

# शासकीय उच्चतर विद्यालय आमगाँव में किया गया साइकिल वितरण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में शासकीय उच्चतर विद्यालय आमगाँव में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 21 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल पटेल एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज धुरवा ने अपने उद्बोधन कहा की छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा छात्राओं के लिए निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना प्रारंभ की गई है। निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत नौवीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। यह योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने में मदद करती है बल्कि पंख रूपी साइकिल मिल जाने से शिक्षा के क्षेत्र में उड़ान भरने के लिए सहायक होती है जो बेटियों की शिक्षा की राह को आसान बनाती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि श्रीमती अनामिका कंवर आमगांव सरपंच श्रीमती बृजकुंवर कंवर, सराई सिंगार सरपंच श्रीमती राकेश निशु राज, सीएससी पूनम अहीर एवं विद्यालय के सभी लाभान्वित छात्राएं एवं उनके पालकगण उपस्थित रहे।

# एस पी ऑफिस के ठीक सामने जुआ, सिपाही ने पकड़ा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शहर के सिविल लाइन एरिया में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने संचालित होटल टाप इन टाउन के कमरा नं. 114 में कुछ व्यक्ति ताश पत्तो से पैसे का दॉव लगा कर जुआ खेल रहे थे। इसकी सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी को अवगत कराकर सिविल लाईन थाना रामपुर से आरक्षक योगेश राजपूत, अर्जून सिंह कंवर, शेख शहबान के साथ होटल टाप एण्ड टाउन में दबिश दी। होटल के कमरा नं. 114 में अफसर खान पिता मुस्तफा खान 44 वर्ष निवासी इंदिरा मार्केट म.नं. 842, रवि शंकर केसरी पिता मोहर लाल केसरी 45 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास रामपुर, रवि कुमार साव पिता कल्लू साव 29 वर्ष रामपुर बस्ती शिव मंदिर के पास मुकेश अग्रवाल पिता जगन्नाथ अग्रवाल 42 वर्ष निवासी स्कूल -82 ऋक्ष नगर फेस 2 , मोहन लाल महिलांगे पिता स्व. ब्रम्हा राम महिलांगे 53 वर्ष स्क नगर स्कूल 101, राजू साहनी पिता राजकुमार साहनी 27 वर्ष निवासी धंनजय के मकान में किराया पर रिस्दी थाना सिविल लाईन के द्वारा दॉव लगा कर जुआ खेलते हुए पाया गया। कुल 27,860 रुपये नगद बरामद किया गया है।

# कोरबा में नियमों को ताक पर रख किया बर्खास्त

### नियमितिकरण की मांग को लेकर आंदोलन पर हैं वनकर्मी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के वन विभाग में जंगलराज कायम है। यह ट्रेनी आईएफएस व कोरबा वनमण्डल के अंतर्गत पसरखेत रेंजर चन्द्रकुमार अग्रवाल के उस बेतुके आदेश से पता चलता है जिसमें अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे कर्मियों में शामिल दैनिक वेतनभोगी कर्मी रामखिलावन व तीन अन्य को सेवा से निकाल दिया गया है। अधिकारी के इस करतूत की वजह से रामखिलावन की जान पर बन आई है। नौकरी से निकाले जाने का सदमा और मानसिक तनाव वे बर्दाश्त नहीं कर सके और अस्पताल में उपचार जारी है। आर्थिक तंगी से परिवार इसलिए जूझ रहा है क्योंकि सिर्फ अपना काम निकालने से वास्ता रखने वाले वन विभाग में अधिकारियों का वेतन तो कभी नहीं रुकता लेकिन कर्मचारियों के वेतन 9-9 महीने से नहीं दिए जाते हैं। बता दें कि प्रदेश में छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ व फेडरेशन के आव्हान पर नियमितिकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। इसके लिए संगठन के पदाधिकारियो ने विभाग प्रमुखों से बकायदा विधिवत अनुमति लिया है। संगठन की ओर से आंदोलन में शामिल कर्मचारियों की सूची भी विभाग को उपलब्ध कराई गई है। इस सूची में कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज में पदस्थ कम्प्युटर ऑपरेटर यशवंत कुमार, वाहन चालक महत्तम सिंह कंवर और रात्रि सुरक्षा चौकीदार रामखिलावन निर्मलकर भी शामिल हैं। वे तीनों अन्य कर्मचारियों की तरह आंदोलन में शामिल रहे लेकिन उन्हें अपने हक की लड़ाई के लिए संगठन का साथ देना महंगा पड़ गया। पसरखेत रेंजर का प्रभार जून 2024 से प्रशिक्षु आईएफएस (भारतीय वन सेवा) चंद्रकुमार अग्रवाल संभाल रहे हैं। रेंज का प्रभार संभालते ही चर्चा में आने वाले आईएफएस ने तमाम नियम कायदों के साथ-साथ इंसानियत को दरकिनार कर आंदोलन में शामिल होने वाले तीनों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त करने का आदेश सादे कागज में ठप्पा लगाकर जारी कर दिया। 21 अगस्त को हस्तलिखित आदेश के माध्यम से कार्रवाई की सूचना वनमंडलाधिकारी और उप वनमंडलाधिकारी को भी दी गई। इधर नौकरी के हाथ से जाने का दुःख तो कम्प्युटर आपरेटर और वाहन चालक ने किसी तरह सहन कर लिया, लेकिन विभाग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में वर्ष 1992 से बेदाग सेवा देते आ रहे रामखिलावन निर्मलकर यह सदमा बर्दाश्त नही कर सके। हड़ताल के दौरान मामूली रूप से बीमार रामखिलावन को नौकरी से बर्खास्त करने, जीवन यापन का साधन खत्म होने की सूचना मिलने से सदमा लगा और तबियत बिगड़ कर पैरालिसिस अटैक आ गया। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

# यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने अमला निकला सड़क पर

### मवेशियों के गले मे लगाए जा रहे रेडियम बेल्ट



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की सड़कों पर बढ़ती यातायात की समस्या को दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस का अमला लगातार कवायद कर रहा है। यातायात पुलिस द्वारा लापरवाह और बेतरतीब खड़े दोपहिया से लेकर चार पहिया और अन्य वाहनों पर कार्यवाही कर चालकों से जुर्माना वसूला जा रहा है। इसके बाद भी अधिकांश लोग अपनी आदतों में सुधार नहीं ला रहे हैं और उनके इस रवैया के कारण दूसरे लोगों को परेशानी हो रही है। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात अमला सड़कों पर मुस्तैद नजर आ रहा है। निहारिका क्षेत्र की व्यस्त सड़कों पर अमले ने घूम-घूम कर लोगों को समझाइश देने का सिलसिला जारी रखा है और नहीं मानने वालों पर कार्यवाही भी की जा रही है। हालांकि इस तरह का अभियान समय-समय पर विभाग द्वारा चलाया जाता है और वाहनों में लॉक लगाने की कार्यवाही, दोपहिया वाहनों का उठाव भी होता है, लेकिन अधिकांश लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। यातायात की बिगड़ती व्यवस्था के लिए काफी हद तक व्यवसायी वर्ग भी जिम्मेदार हैं, जो अपनी दुकानों के सामने सड़क तक सामानों को फैला कर रखते हैं और उनके दुकान में आने वाले ग्राहकों के लिए वाहन पार्किंग की जगह न मिलने से गाड़ी सड़क पर खड़ी कर खरीदारी करने जाते हैं। जानकारी के अनुसार अंचल के टी.पी. नगर में स्थित पाम मॉल के सामने तो नगर निगम की सड़क को ही आधा घेर कर कारोबार किया जा रहा है। यहां आने वाले लोगों को पार्किंग में वाहन खड़ी करना चाहिए जिसके लिए मॉल संचालक के द्वारा इंतजाम किए गए हैं। दूसरी तरफ इस तरह की अव्यवस्था कोसाबाड़ी से लेकर सीतामढ़ी तक देखने को मिलती है लेकिन वाहन चालकों की आदतों में सुधार नहीं आ पा रहा है। इसकी वजह से दूसरे लोगों को अटक-झटक कर डर-डर कर चलना पड़ता है कि कहीं कोई दुर्घटना ना हो जाए।

# तोते और संरक्षित पक्षियों को कैद में रखने एवं खरीद बिक्री पर होगी कार्रवाई

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** तोते और अन्य संरक्षित पक्षियों को कैद में रखने, उनकी खरीदी-बिक्री या घर में पालन करने के खिलाफ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 में संशोधन करते हुए मई 2022 में पक्षियों की कैद, खरीद-फरोख्त और पालन पर सख्त कदम उठाए हैं। इस अधिनियम के तहत किसी भी पक्षी, विशेष रूप से तोते और अन्य अनुसूचित पक्षियों को कैद में रखना एक दंडनीय अपराध माना गया है। अपराधियों के लिए तीन वर्ष तक की कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। सभी नागरिकों को सूचित किया गया है कि जिनके पास कोई भी संरक्षित पक्षी या वन्यजीव है, वे उन्हें तुरंत संबंधित अधिकारियों को सौंपें। इस कार्य के लिए श्री अब्दुल वहीद खान उप वनमण्डलाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं, जिनका मोबाइल नंबर 98266-30264 है। इसके अलावा, पक्षियों को निकटतम सरकारी चिड़ियाघर में भी सौंपा जा सकता है। स्वस्थ पक्षियों को, जिन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सकता है, तुरंत छोड़ने की सलाह दी गई है। पक्षियों और वन्यजीवों की खरीद-फरोख्त या घरेलू पालन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा कांग्रेस ने फूंका प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला

**कोरबा(विश्व परिवार)।** युवा कांग्रेस कोरबा ने प्रदेश के कोरबा, रायगढ़, कोंडागांव में हुए बलात्कार के विरोध एवं प्रदेश में लचर क़ानून व्यवस्था का आरोप लगा उसके विरोध में भारी बारिश के बीच टी.पी. नगर चौक में प्रदेश मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला फूंक जमकर लगाये। साथ ही गृहमंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग करी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला महामंत्री मधुसूदन दास ने बलात्कारियों को फांसी देने की मांग करी। मधुसूदन दास ने कहा कि जबसे प्रदेश में बीजेपी की सरकार आयी है, अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में चाकूबाज़ी, लूटमार सहित सारे अपराध में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। साथ ही अब बलात्कार के मामलो में भी इजाफा देखने को मिल रहा है।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्ती जारी

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में झोलाछाप डॉक्टरों पर लगातार कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने बिलासपुर जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. जिले के चार ब्लॉकों में 25 झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक को सील किया गया है, साथ ही उनकी दवाइयां भी जब्त कर ली गई है. जिले में मलेरिया और डायरिया का प्रकोप फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई में जुटा है. झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ बिलासपुर जिले के चार ब्लाक में कार्रवाई की गई. दो दिन में 25 झोलाछाप डाक्टरों की क्लीनिक को सील कर दवाइयां जब्त की गई है. इससे पहले 65 क्लीनिक सील किए जा चुके हैं. कोटा, मस्तूरी, बेलतरा और बिल्हा ब्लाक में झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक पर कार्रवाई हुई है. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अब तक 90 क्लीनिक सील किया है. बता दें कि बिलासपुर जिले के चारों ब्लाक को मिलाकर बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) ने 165 झोलाछाप डॉक्टरों की सूची तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को सौंपी है. जिसके आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है.

### नाबालिग से हैवानियत आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सिटी कोतवाली क्षेत्र कोरबा में एक 13 वर्षीय मासूम किशोरी से हैवानियत का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू बी एस चौहान ने बताया कि सिटी कोतवाली के राताखार निवासी 13 वर्षीय छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी। इसी दौरान एक युवक उसे रास्ते में मिला। युवक ने छात्रा को लिफ्ट देने के बहाने अपनी बाइक में बिठा लिया। फिर सुनसान स्थान में ले जाकर उससे अनाचार किया और बाद में उसके घर से कुछ दूर जाकर छोड़ दिया। किशोरी डरी सहमी हालत में घर पहुंची। घर के लोगों ने उसकी अस्वाभाविक हालत को देखकर पूछताछ की तो उसने पूरा वाकया बताया। वाकया सुनकर किशोरी के परिजन उसे साथ लेकर सिटी कोतवाली पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। किशोरी घटना के आरोपी के सम्बंध में कोई जानकारी नहीं दे पा रही थी। लिहाजा पुलिस ने उन रास्तों के सी सी टी वी का सहारा लिया, जहां से किशोरी को आरोपी अपने साथ बाइक पर लेकर गुजरा था। लगभग एक सौ सी सी टी वी कैमरों के फुटेज देखने के बाद आरोपी की पहचान की गई। पुलिस ने आरोपी कृष्णा पिता बुधराम यादव उम्र 30 वर्ष निवासी सर्वमंगला शांति नगर, स्थाई निवासी ग्राम तिलकेजा थाना उरगा जिला कोरबा को भैसमा से हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल और उसका मोबाइल जप्त किया गया है।

### हाईकोर्ट के चीफजस्टिस राकेश सिन्हा पहुँचे कटघोरा कोर्ट का निरीक्षण किया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राकेश सिन्हा शुक्रवार को अपने न्यायालय में सूचीबद्ध सभी प्रकरणों की समीक्षा करने के पश्चात जिला अंबिकापुर के लिए रवाना हुए। भ्रमण के दौरान उन्होंने सिविल न्यायालय कटघोरा का भी निरीक्षण किया। सिविल न्यायालय कटघोरा के अधिवक्ताओ में उनके आगमन पर खुशी का माहौल था। मुख्य न्यायाधीश ने वहां के स्थानीय अधिकारी से न्यायालय के प्रकरणों की जानकारी ली।न्यायालय परिसर एवं भवन का निरीक्षण कर गार्डन को सु -सज्जित रखने के साथ ही निरंतर निरीक्षण कर समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश दिए। पेयजल के स्थान को स्वच्छ रखने के निर्देश भी दिए।

# संपादकीय

## दक्षिणपंथ की उठती लहर

विश्व नेताओं के सामने धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर की चुनौती है, जिसे सीधे तौर पर चार दशकों से अपनाई गई नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों का परिणाम माना गया है। अब टैक्स की ऊंची दर को इसका एक समाधान समझा जा रहा है। हाल में इटली से आई इस खबर ने सबको चौंकाया कि वहां की धुर-दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की सरकार ने विदेशों में कमाए गए धन पर लगने वाले टैक्स को दो गुना कर दिया है। इटली सबसे कम टैक्स रेट वाले देशों में रहा है। इस रूप में वह उन देशों में है, दुनिया भर के अति धनी लोगों में जहां की नागरिकता लेने की होड़ रही है। मगर अब देश का मूड बदल चुका है। आर्थिक मामलों के मंत्री जियांकार्लो जियोर्गेती ने कहा कि विभिन्न देश वित्तीय लाभ का ऑफर देने की होड़ में शामिल हों, इटली इस विचार के खिलाफ है। और ये मूड सिर्फ इटली में नहीं है। सुपर रिच लोगों पर टैक्स की एक न्यूनतम वैश्विक दर होनी चाहिए, इस बात की वकालत अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी करते रहे हैं, ये और बात है कि उनके प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मगर अब ब्राजील की अध्यक्षता में जी-20 समूह में ऐसी पहल होने की संभावना बनी है। कुछ समय पहले वहां जी-20 के वित्त मंत्रियों की बैठक हुई। उस मौके पर 19 देशों के पूर्व शासनाध्यक्ष भी जुटे। उन्होंने एक साझा बयान में जी-20 देशों से अति धनी लोगों पर टैक्स बढ़ाने का आह्वान किया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज नेसियो लूला दा सिल्वा की पहल पर मशहूर फ्रेंच अर्थशास्त्री गैब्रियेल जुकमैन इस बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चुके हैं। नवंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में यह चर्चा का प्रमुख मुद्दा होगा। विश्व नेताओं के सामने लगभग हर लोकतांत्रिक देश में धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर की चुनौती है, जिसे सीधे तौर पर वहां चार दशकों से अपनाई गई नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों का परिणाम माना गया है। इस सामाजिक उथल-पुथल पर काबू पाने के लिए समझ बनी है कि आर्थिक विकास के लाभ में आम जन को सहभागी बनाना अपरिहार्य हो गया है। इस उभरती आम-सहमति पर गौर करें, तो भारत में चल रहा विमर्श बेहद पिछड़ा हुआ नजर आएगा। अब देखने की बात होगी कि जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाते हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन यात्रा

सत्येन्द्र रंजन

हकीकत यह है कि यूक्रेन यात्रा का एलान मोदी की रूस यात्रा पर पश्चिम में हुई तीखी प्रतिक्रिया की पृष्ठभूमि के बीच किया गया था। आरंभ में इसको लेकर अपेक्षाएं बढ़ाई भी गईं। अब उन्हें संभवत: इसलिए नियंत्रित को सोचा गया है, क्योंकि ये हकीकत सामने है कि इस यात्रा से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। यह स्वागतयोग्य है कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन को लेकर उम्मीदों और अटकलों का बाजार ठंडा करने की कोशिश की है। 23 अगस्त को होने वाली मोदी की इस यात्रा की पुष्टि 19 अगस्त को की गई। उसी रोज भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने मीडिया ब्रीफिंग में यह स्पष्ट किया कि इस यात्रा का मकसद यूक्रेन और रूस के बीच प्रत्यक्ष मध्यस्थता करना नहीं है। वैसे इस बारे में भारत का कोई आधिकारिक बयान नहीं है। उधर पश्चिमी कूटनीतिज्ञों ने संभावना जताई है कि भारत दोनों देशों के बीच संदेशों के आदान-प्रदान का माध्यम बन सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले कुछ मौकों पर यह कह चुके हैं कि भारत ने संवेदशवाहक की भूमिका निभाई है। काला सागर अनाज समझौते और जापोरिझिया परमाणु संयंत्र के मुद्दे पर ऐसा रोल भारत ने निभाया था। जयशंकर ने कहा था- 'हम वो देश हैं, जिसने रूसी नेताओं के साथ इस (यूक्रेन युद्ध) मुद्दे पर खुल कर और दो टूक बात की है। विभिन्न पहलुओं पर दूसरे देशों ने हमारा इस्तेमाल संदेश भेजने के लिए किया है।' अब यह बात बहुत से लोगों को नागवार गुजर सकती है कि भारत की भूमिका विभिन्न देश आज एक संदेशवाहक के रूप में देखते हैं। इसलिए कि जो देश विश्व कूटनीति में अपनी खास आवाज और नजरिया रखते हैं, वे दूसरों के संदेशों को अन्य देशों तक नहीं पहुंचाते। उनके पास देने के लिए अपना संदेश होता है। वैसे भी जिन संदेशों को भारत ने पहुंचाया, आखिर उनसे हासिल क्या हुआ है? फिलस्तीन में गजा नरसंहार और यूक्रेन युद्ध आज दुनिया में दो सबसे बड़े मसले हैं। यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए कई हलकों से फॉर्मूले पेश किए गए हैं, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी है। बीते जून में स्विट्जरलैंड ने इस मुद्दे पर शांति सम्मेलन का आयोजन किया, मगर बात आगे नहीं बढ़ी, क्योंकि उसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं



किया गया था। इसके पहले एक बहुचर्चित फॉर्मूला चीन की तरफ से आया, जिसे यूक्रेन और रूस दोनों ने गंभीरता से लिया था। मगर चीन भी अपनी पहल में अब तक कामयाब नहीं हुआ है। दरअसल, किसी फॉर्मूले पर प्रगति की कोई संभावना नहीं है, जब तक अमेरिका और नाटो सबकी सुरक्षा को समान महत्त्व देने को तैयार नहीं होते हैं। यूक्रेन में युद्ध का बुनियादी कारण रूस की सीमा तक नाटो के विस्तार की अमेरिकी जिद है। रूस को घेरने की उसकी कोशिश में यूक्रेन मोहरा बना है। भारत या कोई अन्य देश इस विवाद के बीच तभी अपनी कोई सार्थक भूमिका बना सकता है, जब उसके पास इस समस्या की यथार्थवादी समझ हो और वह उस समझ को दो टूक कहने का साहस भी दिखाए। क्या पिछले ढाई साल में भारत ऐसा करता नजर आया है? जाहिर है, नहीं। इसके बदले प्रधानमंत्री ने कुछ जुमले जरूर बोले हैं। मसलन, यह कि 'यह युद्ध का युग नहीं है' और 'आज के दौर में लड़ाई के मैदान पर हार-जीत तय नहीं हो सकती'। ये वाक्य भारत में सुर्खियां बनाने के लिहाज से चाहे जितने प्रभावी रहे हों, विश्व कूटनीति में इनका कोई महत्त्व नहीं है। इसीलिए मोदी की यूक्रेन यात्रा भारत-यूक्रेन द्विपक्षीय संबंध के लिहाज से चाहे जितना अहम हो, रूस-यूक्रेन विवाद के संदर्भ में उससे कुछ हासिल नहीं होने वाला है। वैसे भी मोदी की यात्रा उस समय हो रही है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध में नई तेजी आ गई है। यूक्रेन ने रूस के कुर्क्स इलाके में घुसपैठ कर युद्ध के साये को और घना कर दिया है। यह चर्चा जोरों पर है कि रूस अब इस लड़ाई का स्वरूप 'विशेष सैनिक कार्रवाई' से बदल कर पूर्ण युद्ध का एलान कर सकता है। चूंकि कुर्क्स में हमला करने के लिए यूक्रेन ने नाटो से मिले हथियारों और उपकरणों का इस्तेमाल किया है, इसलिए आशंका है कि अब रूस खुल कर आसपास के पश्चिमी ठिकानों को भी निशाना बना सकता है। ऐसा हुआ, तो युद्ध सिर्फ दो देशों तक सिमटा नहीं रह जाएगा। यूक्रेन में पश्चिमी देशों से मिली रक्षा प्रणालियों को खुल कर निशाना बनाया है। इनमें अमेरिका से मिले हिमार लॉन्चर भी हैँ। चूंकि यूक्रेन ने अपनी सीमित शक्ति कुर्क्स इलाके में लगा दी है, तो उसका लाभ उठाते हुए रूसी सेना दोनबास इलाके में पिछले एक हफ्ते में तेजी से आगे बढ़ी है और उसने कई हम यूक्रेनी मोर्चे फतह कर लिए हैँ। रूस की रणनीति से परिचित एक चीनी विशेषज्ञ ने अपने विश्लेषण में लिखा है कि रूसी सेना को संभवत: कुर्क्स क्षेत्र मुक्त कराने की कोई जल्दी नहीं है। बल्कि उसकी रणनीति होगी कि यूक्रेन अधिक से अधिक शक्ति वहां लगाए, ताकि दूसरे मोर्चों पर रूस का मकसद आसान होता जाए। वैसे भी रूस की रणनीति यूक्रेन को जल्द से जल्द पराजित करने के बजाय इस टकराव को जमे हुए युद्ध की स्थिति में रखने की रही है। वजह रूस का यह आकलन है कि उसकी लड़ाई सिर्फ यूक्रेन से नहीं, बल्कि पूरे नाटो से चल रही है। ऐसे में क्षय का युद्ध की रणनीति के जरिए पश्चिमी देशों को इसमें उलझाए रखना और इस युद्ध के फलस्वरूप उन देशों में प्रतिकूल परिस्थितियों को और गंभीर बनाना रूस के दीर्घकालिक उद्देश्य के लिहाज से अधिक लाभदायक है। यह तो तथ्य है कि इस युद्ध के कारण अपने देशों में यूरोपीय शासकों की चुनौतियां लगातार बढ़ती गई हैं। उधर अमेरिका में वैसा ही मत विभाजन गजा मे जारी इजराइली नरसंहार ने पैदा किया है। उधर पश्चिमी कूटनीतिज्ञों ने संभावना जताई है कि भारत दोनों देशों के बीच संदेशों के आदान-प्रदान का माध्यम बन सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले कुछ मौकों पर यह कह चुके हैं कि भारत ने संवेदशवाहक की भूमिका निभाई है। काला सागर अनाज समझौते और जापोरिझिया परमाणु संयंत्र के मुद्दे पर ऐसा रोल भारत ने निभाया था। जयशंकर ने कहा था- 'हम वो देश हैं, जिसने रूसी नेताओं के साथ इस (यूक्रेन युद्ध) मुद्दे पर खुल कर और दो टूक बात की है। विभिन्न पहलुओं पर दूसरे देशों ने हमारा इस्तेमाल संदेश भेजने के लिए किया है।' अब यह बात बहुत से लोगों को नागवार गुजर सकती है कि भारत की भूमिका विभिन्न देश आज एक संदेशवाहक के रूप में देखते हैं। इसलिए कि जो देश विश्व कूटनीति में अपनी खास आवाज और नजरिया रखते हैं, वे दूसरों के संदेशों को अन्य देशों तक नहीं पहुंचाते। उनके पास देने के लिए अपना संदेश होता है। वैसे भी जिन संदेशों को भारत ने पहुंचाया, आखिर उनसे हासिल क्या हुआ है? फिलस्तीन में गजा नरसंहार और यूक्रेन युद्ध आज दुनिया में दो सबसे बड़े मसले हैं। यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए कई हलकों से फॉर्मूले पेश किए गए हैं, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी है। बीते जून में स्विट्जरलैंड ने इस मुद्दे पर शांति सम्मेलन का आयोजन किया, मगर बात आगे नहीं बढ़ी, क्योंकि उसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। इसके पहले एक बहुचर्चित फॉर्मूला चीन की तरफ से आया, जिसे यूक्रेन और रूस दोनों ने गंभीरता से लिया था। मगर चीन भी अपनी पहल में अब तक कामयाब नहीं हुआ है। दरअसल, किसी फॉर्मूले पर प्रगति की कोई संभावना नहीं है, जब तक अमेरिका और नाटो सबकी सुरक्षा को समान महत्त्व देने को तैयार नहीं होते हैं।पश्चिम के इन राजनीतिक संकटों को रूस अपने हित में मानता है। अच्छी बात है कि इस जटिल स्थिति का अहसास भारत की विदेश नीति के निर्माताओं को हुआ है और उन्होंने मोदी की यात्रा को लेकर अपेक्षाएं ना बढ़ाने की रणनीति अपनाई है।

## आलेख

# कामवन अर्थात गोपियों का कृष्णके प्रति विशुद्ध प्रेम की अनुभूति

संजय जैन बड़जात्या कामां



द्वापर युग मे ईसा पूर्व 3112 अर्थात वर्तमान से 5136 वर्ष पहले भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की घोर अंधयारी रात्रि,रोहिणी नक्षत्र,दूसरे पहर की समाप्ति में मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से आठवें अवतार भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था।

कृष्ण वसुदेव और देवकी की 8वीं संतान थे। देवकी कंस की बहन थी। कंस एक अत्याचारी राजा था। उसने आकाशवाणी सुनी थी कि देवकी के आठवें पुत्र द्वारा वह मारा जाएगा। इससे बचने के लिए कंस ने अपनी बहिन देवकी और बहनोई वसुदेव को मथुरा के कारागार में डाल दिया। मथुरा के कारागार में ही भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को उनका जन्म हुआ। कंस के डर से वसुदेव ने नवजात बालक को रात में ही यमुना पार गोकुल में यशोदा जी के यहाँ पहुँचा दिया। किवदंती यह भी है कि वसुदेव रात्रि में ही यशोदा की पुत्री बिजली को लेकर वापिस कारागार में पहुँच गए जिसे कंस ने देवकी की आठवीं सन्तान समझ मृत्यु के घाट उतारना चाहा और जैसे ही शिला पर पटकने के प्रयास किया तो वह भविष्य वाणी कर आकाशगामी हो गई। गोकुल में ही श्री कृष्ण का लालन-पालन हुआ था। यशोदा और नन्द उनके पालक माता-पिता थे।

बाल्यावस्था में ही उन्होंने बड़े-बड़े कार्य किए जो किसी सामान्य मनुष्य के लिए सम्भव नहीं थे। अपने जन्म के कुछ समय बाद ही कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना का वध किया , उसके बाद शकटासुर, तृणावर्त आदि राक्षस का वध किया। बाद में गोकुल छोड़कर नंद गाँव आ गए वहां पर भी उन्होंने कई लीलाएं की जिसमे गोचारण लीला, गोवर्धन लीला, रास लीला आदि मुख्य है। इसके बाद मथुरा में मामा कंस का वध किया। सौराष्ट्र में द्वारका नगरी की स्थापना की और वहाँ अपना राज्य बसाया। पांडवों की मदद की और विभिन्न संकटों से उनकी रक्षा की। महाभारत के युद्ध में उन्होंने अर्जुन के सारथी की भूमिका निभाई और रणक्षेत्र में ही उन्हें उपदेश दिया जिसे भगवद्गीता में संकलित किया गया है।

कामवन अर्थात विशुद्ध प्रेम की अनुभूति* भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली के रूप में आज भी उनके पदचिन्हों को समेटे हुए कामां नगरी जिसका वास्तविक नाम कामवन पौराणिक नाम काम्यवन था। यथार्थ में श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम ही 'काम' शब्द वाच्य है । 'प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यागमत प्रथाम्', अर्थात् गोपिकाओं का निर्मल प्रेम जो केवल श्रीकृष्ण को सुख देने वाला होता है, जिसमें लौकिक काम की कोई गन्ध नहीं होती, उसी को शास्त्रों में काम कहा गया है । सांसारिक काम वासनाओं से गोपियों का यह शुद्ध काम सर्वथा भिन्न है । सब प्रकार की लौकिक कामनाओं से रहित केवल प्रेमास्पद कृष्ण को सुखी करना ही गोपियों के काम का एकमात्र तात्पर्य है । इसीलिए गोपियों के विशुद्ध प्रेम को ही श्रीमद्भागवतादि शास्त्रों में काम की संज्ञा दी गई है । जिस कृष्णलीला स्थली में श्रीराधाकृष्ण युगल के ऐसे अप्राकृत प्रेम की अभिव्यक्ति हुई है, उसका नाम कामवन है।

दो दिवसीय पर्व है जन्माष्टमी* :- अष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की तैयारी की जाती है. भक्त उपवास रखते हैं, मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती है, और रात के बारह बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाता है. इस दिन को 'गोकुलाष्टमी' भी कहा जाता है. दूसरे दिन, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का उत्सव मनाया जाता है, जिसे नंदोत्सव कहा जाता है। ब्रज के आराध्य कन्हैया अर्थात श्री कृष्ण को अनेकों नामों व रूपों में पूजा जाता है।

# बांग्लादेश को ताकत का एहसास कराए भारत....

प्रताप सिंह पटियाल

भारत के पड़ोसी मुल्कों तथा कई अन्य देशों में विदेशी खूफिया एजेंसियां भारत विरोधी ताकतों की हिमायत कर रही हैं। अत: विश्व की चौथी ताकतवर सैन्यशक्ति की हैसियत रखने वाले भारत को अपनी ताकत का एहसास कराना होगा। देश के सियासी नेतृत्व को आगामी नीति पर विचार करना चाहिए सन् 1971 की जंग में पाकिस्तान की मदद के लिए एडमिरल 'जॉन मेकेन' के नेतृत्व में आया अमरीका का सातवां एटमी जंगी बेड़ा 'यूएसएस एंटरप्राइज' बंगाल की खाड़ी में तथा ब्रिटेन का एयरक्राफ्ट कैरियर 'एचएमएस ईग्ल' अरब सागर में ही खड़े रह गए, लेकिन विश्व की सर्वोत्तम भारतीय थलसेना ने 16 दिसंबर 1971 को ढाका के 'रामना रेसकोर्स गार्डन' में पाक सेना को घुटनों के बल बिठाकर पाकिस्तान को पूरी दुनिया में बेआबरू कर दिया था। हिमाचल प्रदेश के कैप्टन 'जतिंदर नाथ सूद' के नेतृत्व में 'पांचवीं गोरखा' रेजिमेंट के जवानों ने बांग्लादेश के महाज पर आठ दिसंबर 1971 को 'पीरगंज' में हमला करके पाक सेना की किलेबंदी को ध्वस्त करके भारत की जीत का एक सुनहरा शिलालेख लिख दिया था। पीरगंज के युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कैप्टन जतिदंर नाथ सूद को सेना ने 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से नवाजा था। बेशक बांग्लादेश भारतीय सैन्य पराक्रम के रहमो करम से आजाद हुआ था। लेकिन काबिलेगौर रहे कि बांग्लादेश के सैन्य अफसरों की फौजी तालीम सन् 1971 तक पाकिस्तान में ही हुई थी। इसीलिए बांग्लादेश की सेना तथा मजहबी जमातें जज्बाती तौर पर पाकिस्तान से आजाद नहीं हुई हैं। अत: बांग्लादेश को भारत विरोधी मानसिकता विरासत में मिली है। इस्कंदर अली मिर्जा, अयूब खान, याहिया खान, टिक्का खान व जिया उल हक जैसे पाकिस्तान के नामुराद जरनैलों से मिले जम्हूरियत को कुचलने वाले संस्कारों को बांग्लादेश की सेना ने भी पूरी अकीदत से तसलीम कर लिया था, जिसका पहला परिणाम सन् 1975 में ही सामने आ गया था। सन् 1971 में मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व करने वाले बांग्लादेश के संस्थापक व राष्ट्रपति बंगबंधु 'शेख मुजीबुर रहमान' को बांग्लादेश की सेना ने 15 अगस्त 1975 के दिन उनके परिवार के कई सदस्यों सहित हलाक करके तख्तापलट कर दिया था। पाकिस्तान की तर्ज पर बांग्लादेश में तख्तापलट व तशद्दुद का जो दौर सन् 1975 में शुरू हुआ था, वो मौजूदा वक्त तक जारी है। शेख मुजीबुर रहमान की हलाकत व तख्तापलट की साजिश में मुल्लविश 'खोडांकर मुस्ताक अहमद' बांग्लादेश के सदर बने मगर मात्र तीन महीने बाद ही सेना ने तख्तापलट कर दिया था। नवंबर 1975 को राष्ट्रपति बने 'अबू सादात मोहम्मद सईम' को डेढ़ वर्ष बाद ही इस्तीफा देना पड़ा था। शेख मुजीबुर रहमान के कत्ल के एक अन्य अहम किरदार व साबिक वजीरे आजम खालिदा जिया के शौहर जनरल 'जियाउर रहमान' सन् 1977 में बांग्लादेश के राष्ट्रपति पद पर काबिज हो गए। पाक सेना में मेजर रहे जियाउर रहमान ने सन् 1965 की जंग में खेमकरण सेक्टर में भारत के खिलाफयुद्ध में हिस्सा लिया था तथा पाक सेना ने जिया को 'सितारा-ए-जुर्रत' से नवाजा था। सन् 1971 में जियाउर रहमान ने मुक्ति वाहिनी के सेक्टर कमांडर के तौर पर बांग्लादेश की आजादी में भी अपना किरदार अदा किया था तथा जंग के दौरान अपने कमान अधिकारी 'ईस्ट बंगाल रेजिमेंट' के पाक कर्नल 'जंजुआ' का कत्ल करके चटगांव के 'कलुरघाट' रेडियो स्टेशन से 27 मार्च 1971 को बांग्लादेश की आजादी की घोषणा कर दी थी। बांग्लादेश ने जिया को अपने सैन्य एजाज 'बीर उत्तम' से नवाजा था। लेकिन बांग्लादेश की सेना ने 30 मई 1981 के दिन अपने राष्ट्रपति व सिपाहसालार जियाउर रहमान का कत्ल करके तख्तापलट के मजमून को फिर दोहरा दिया था। भारत की मुखाल्फत करने वाले सियासी दल 'बीएनपी' की स्थापना जियाउर रहमान ने ही की थी। भारत व भूटान दोनों देशों ने छह दिसंबर 1971 को जंग के दौरान ही बांग्लादेश को मान्यता प्रदान की तथा अन्य मुल्कों से भी बांग्लादेश को मान्यता देने की अपील की थी। लेकिन सन् 1980 के दौर में बांग्लादेश के वजीरे आजम रहे 'शाह अजीजुर रहमान' ने 1971 की जंग में पाक सेना का पूरा सहयोग किया था तथा बांग्लादेश में भारतीय सैन्य कार्रवाई का विरोध 'यूएनओ' के मंच पर जाकर किया था। 'रविंद्र नाथ टैगोर' द्वारा लिखित बांग्लादेश के कौमी तराना 'आमार सोनार बांग्ला' को हटाने की आवाज भी शाह अजीजुर रहमान ने ही बुलंद की थी। मगर बांग्लादेश के सैन्य प्रमुख 'हुसैन मोहम्मद इरशाद' ने सन् 1982 में तख्तापलट को अंजाम देकर प्रधानमंत्री अजीजुर रहमान को सत्ता से बेदखल कर दिया था। सन् 1971 के युद्ध में जिल्लतभरी शिकस्त का इंतकाम लेने के लिए पाक खूफिया एजेंसी 'आईएसआई' ने बांग्लादेश की धरती पर चरमपंथ व कट्टरवाद की पैरवी करने वाली मजहबी जमातों की परवरिश शुरू कर दी थी। हजारों भारतीय सैनिकों की कुर्बानियों के बाद वजूद में आए बांग्लादेश में मौजूद पाक परस्त मजहबी जमातों व कई सियासी रहनुमाओं के जहन में भारत विरोध की चिंगारी एक मुद्दत से सुलग रही है, जिसका एक पहलू मजहब से जुड़ा है। अलबत्ता यदि भारत की समर्थक रही वजीरे आजम शेख हसीना का तख्तापलट हुआ है तो कोई हैरानगी नहीं होनी चाहिए। मौजूदा हालात इस कदर बद्दत्तर हो चुके हैं कि हिंसक प्रदर्शनकारियों ने मेहरपुर के 'मुजीबनगर' में स्थित 1971 की जंग से जुड़े भारतीय सेना के 'राष्ट्रीय स्मारक' को भी तोड़ डाला है। चरमपंथी जमातों ने पाक सेना के शर्मनाक आत्मसमर्पण तथा भारतीय सेना की शूरवीरता के उन प्रतीकों को नष्ट कर दिया जिनकी कुर्बानियों की बुनियाद पर बांग्लादेश वजूद में आया था। पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान तथा कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदाय के दर्द का वही अफसाना, वही आंसू, तशद्दुद के दौर में खौफ के साए में जीने को मजबूर लोगों के हकूक पर कोई चर्चा नहीं होती। दहशतगर्दी व मजहबी जमातों के निशाने पर रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।

# भारत माता के महान सपूत वीरचंद राघव जी गांधी

विजय कुमार जैन

भारत के स्वाधीनता आन्दोलन एवं देश की आजादी में अगस्त माह का विशेष महत्व है। 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के नेतृत्व में



भारत छोड़ो आन्दोलन का शुभारंभ हुआ। इस अहिंसक आन्दोलन का सुखद परिणाम यह निकला कि हमारा भारत सदियों की गुलामी से मुक्त होकर 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ।

यह भी सुखद संयोग है अगस्त माह में ऐसी विभूति ने जन्म लिया, जिन्होंने ने देश और दुनिया में अपने विलक्षण कार्यों से नाम रोशन किया। भारत के एवं जैन समाज के गौरव पुरुष वीरचंद राघव जी गाँधी का जन्म गुजरात में भावनगर के निकट महुआ में 25 अगस्त 1864 को नगर सेठ राघव जी तेजपाल गाँधी के यहाँ हुआ। वे वचपन से ही वहुत प्रतिभाशाली और तीक्ष्ण बुद्धि बाले थे। हाईस्कूल परीक्षा में उन्होंने ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्हें श्री जसबंत सिंह स्मृति छात्रवृत्ति भी मिली थी।

आपका विवाह सन 1879 में जीवाबेन से हुआ। विवाह के बाद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और पारिवारिक व्यवसाय से अलग हटकर लॉ की पढ़ाई की और बैरिस्टर के रूप में प्रतिष्ठित हुए। गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी,प्राकृत, संस्कृत, फ्रेंच आदि 14 भाषाओं का उन्हें ज्ञान था।

वीरचंद राघव जी गाँधी, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गाँधी के समकालीन एवं अभिन्न मित्रों में थे। आप महात्मा गाँधी द्वारा आयोजित शाकाहारी कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लेते थे। वीरचंद राघव जी गाँधी का राजनीति व सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान रहा। 1895 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेशन में उन्होंने ने बम्बई प्रांत का प्रतिनिधित्व किया था। 18 दिसंबर 1898 में विलियम साइंस बिल्डिंग के बड़े हाल में

भारतीय राजनीति और इण्डस्ट्री विषय पर उन्होंने ने अपना व्यक्तव्य दिया था जिसकी सर्वत्र सराहना हुई थी।

वीरचंद गाँधी ने 1899 में द्वड्ढह्लद्वह्र ड्डह्लद्धश्चड्डद्य ष्श्चड्डह्वद्दड्डष्द्ध श्चद्ध ष्श्चद्बद्वह्रह्लष्द्ध में एशिया का प्रतिनिधित्व किया था। सन 1893 में शिकागो में आयोजित पहली धर्म संसद में, जिसमें स्वामी विवेकानंद जी विश्व प्रसिद्ध हो गये थे, उसमें वीरचंद राघव जी गाँधी ने जैन धर्म के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था जहाँ पर उनके व्यक्तव्य व प्रस्तुति को इतना पसंद किया गया कि बाद में एक के बाद एक उनके अनेक व्यक्तव्य सुने गये। वे दो वर्ष तक अमेरिका में और एक वर्ष इंग्लैंड में रुके। इसके बाद दो बार और विदेश गये। आपने विदेश प्रवास के दौरान अपने व्यक्तव्यों के माध्यम से जैन धर्म का व्यापक



प्रचार प्रसार किया। आपने विदेशियों को जैन धर्म की ओर आकर्षित किया। उनके द्वारा दिये गये व्यक्तव्यों के लिये उनको बहुत सारे मेडल, पुरस्कार और सम्मान भी दिये गये। स्वामी विवेकानंद और वीरचंद गाँधी समकालीन थे वे दोनों एक दूसरे का सम्मान करते थे। एक पुरानी कहाबत है पूत के लक्षण पालने में दिख जाते है। इस कहाबत को वीरचंद गाँधी ने चरितार्थ किया।उनकी प्रतिभा का पता तो युवावस्था से ही चलने लगा था। सन 1885 में मात्र 18 वर्ष की आयु में वीरचंद गाँधी फ्र जैन एसोसिएशन आँफ इण्डियाफ्रके पहले अवैतनिक मंत्री बने। आपने विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ शत्रुंजय पालीताना पर यात्रियों से बसूला जाने बाला टेक्स हटवाया। जैन तीर्थ सम्मेद शिखर के पास खुलने बाले कत्लखानों को बंद कराया।भारत माता के महान सपूत देश और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा करने बाले वीरचंद राघवजी गाँधी युवा अवस्था में ही फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित हो गये।

मात्र 37 वर्ष की अल्पायु में 7 अगस्त 1901 को बम्बई के निकट महुआ में उनका असामयिक स्वर्गवास हो गया। अपने 37 वर्ष के जीवनकाल में देश-विदेश की सभी धार्मिक जैन अजैन संस्थाओं में उन्होंने वहुत सम्मान पाया। उनके स्वर्गवास के उपरांत स्वतंत्र भारत में 1964 में उनकी स्मृति में महुआ में एक म्यूजियम की स्थापना की गई।सन 1990 में उनकी एक मूर्ति शिकागो में और दूसरी महुआ में स्थापित की गई। उनके जीवन पर आधारित एक नाटक तैयार किया गया जिसका नाम फ्रदड्डद्धस्नद्बद्ध ह्लद्गद्धश्चह्वद्ग दड्डद्धस्नद्बद्धफ्र रखा। इस नाटक का मंचन दुनिया के विभिन्न देशों में अभी तक 200 बार हो चुका है। 8 नवंबर 2002 को भारतीय डाक सेवा ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया। हम 25 अगस्त जन्मदिन के अवसर पर विलक्षण प्रतिभा के धनी वीरचंद राघव जी गाँधी का स्मरण कर विनम्र श्रृद्धांजली अर्पित करते है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेला के साथ मुनि श्री संधान सागर जी महाराज ने किया केशलोंच



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरुणाई के प्रखर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने आज इन्दौर के मोहता भवन मे धुमधाम से केशलोच किये। मुनि श्री जी का आज दूसरा उपवास (बेला) था। क्यों की महाराज जी सोलह कारण मे एक आहार एक उपवास कर रहे है कल उसी का उपवास था और आज पंचमी होने से पूज्य श्री ने केशलोंच कर लिये। ध्यान रहे मुनि श्री आचार्य श्री की तरह हर दो माह मे उत्कृष्ट केशलोंच करते है वो भी उसी दिन जिस दिन गुरुदेव ने अंतिम केशलोंच किया । मुनि श्री इसमें कोई आगे पीछे नही करते। धन्य है ऐसे मुनिवर की कठोर चर्या।

### सिंधी इंग्लिश विद्यालय रायपुर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सिंधी इंग्लिश विद्यालय, रामसागर पारा रायपुर विद्यालय परिसर में आज दिनांक 24 अगस्त 2024 शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्री-प्रायमरी तथा प्रायमरी के छात्र-छात्राएं राधा, कृष्ण, सुदामा आदि वेशभुषा में सुसज्जित होकर आये। साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी के साथ कक्षा 3री से 5वीं तक के बच्चों में दही हण्डी, बॉंसुरी, मुकुट सजाओं प्रतियोगिता आयेजित की गई। शाला की प्रधान अध्यापिका श्रीमती अनिता रामनानी एवं समस्त शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।


### कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के सदस्य पहुंचे मनोहर गौशाला, रिसर्च की सराहना की




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के सदस्य (तकनीकी) नरेश सालेचा शनिवार को सपरिवार खैरागढ़ स्थित मनोहर गौशाला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कामधेनु माता के दर्शन कर यहां होने वाले रिसर्च की जानकारी ली। लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े रिसर्च होने पर उन्होंने इसकी सराहना की। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी और जीव जंतु कल्याण बोर्ड के मानद प्रतिनिधि अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने बताया कि उन्हें गौशाला का भ्रमण भाई चमन कराया। साथ ही 'गाय एक वरदान' पुस्तक भेंट की। बता दें कि श्री सालेचा 1984 बैच के आईआरएएस हैं। अपनी वर्तमान पोस्टिंग से पहले वे रेलवे बोर्ड में सदस्य वित्त और रेल मंत्रालय में भारत सरकार के पदेन सचिव थे। उन्होंने वाणिज्य में ऑनर्स के साथ स्नातक किया है और उनके पास कानून की डिग्री और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री यानी एमबीए भी है।

# मैं इन्दौर आप सभी के दुःखों का निवारण करने आया हूं : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**इन्दौर ( विश्व परिवार )।** संसार में हैकोई प्राणी, जिसे कोई दु:ख न हो? आज में आप लोगों को प्रवचन देने नहीं बल्किआप सभी के दु:खों का निवारण करने आया हूं। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने मोहता भवन रैसकोर्स रोड़ पर रविवारीय धर्मसभा में व्यक्त किये। उन्होंने चार प्रकार के दु:खों की बात करते हुये कहा कल्पना जन्य, वियोगजन्य अभावजन्य तथा परिस्थिति जन्य,इसके अलावा संसार में कोई दु:ख है ही नहीं, मुनि श्री ने कहा कि कोई अपनी कल्पना में अपने आप को समाज का सर्वश्रेष्ठ मानता है, में समाज का अध्यक्ष हूं,में समाज का सबसे अधिक प्रतिष्ठित व्यक्ती हूं,में सबसे अधिक दान देता हूं,में सबसे अधिक ज्ञानी हूं, में सबसे बड़ा त्यागी हु और वह इसी अहंकार की पुष्टि करता रहता है,और इसकी प्रतिष्ठा को मेनटेन करने में ही अपने जीवन को प्रतिपल लगा देता है,और जब इस कल्पना को ठोड़ी सी भी ठेस लगती है तो वह दु:खी हो जाता है, कुछ लोग तो अतीत की स्मृति में ही दु:खी रहते है वंही कुछ लोग भविष्य की चिंता में ही अपने आपको दु:खी करते रहते है मुनि श्री ने कहा इस कल्पना और अहंकार से बाहर आइये और अपने वर्तमान को देखिये। दूसरा दु:ख है वियोग जन्य दु:ख मुनि श्री ने कहा कि संसार में कोई अजर अमर नहीं राजा राणा छत्रपति हाथिन के असवार मरना सब को एक दिनअपनी अपनी बार जंहा संयोग है वंहा वियोग है इसे वियोग को कर्म जन्य मानिये, तीसरा दु:ख है अभावजन्य दु:ख जिनके पास सब कुछ है क्या वह सुखी है? जाकर पूंछ लैना उनसे कि वहकितने सुखी है,जो अभाव में भी सदभाव देख लेता है वह कभी दु:खी नहीं रहता। गरीबी में भी अमीरी उनके पास रहती है जो अपनी मनस्थिति को बदल लेते है। प्रवक्ता अविनाश जैन एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने बताया गुणायतन के मालवा प्रांत का अधिवेशन रविवार को मोहताभवन में किया गया गुणायतन के पूरे भारत में 18 हजार सदस्य हें संपूर्ण भारत में यह सर्वाधिक सदस्यों बाला यह प्रथम संगठन है, तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर जी की तलहटी में निर्माणाधीन गुणायतन एक ऐसा उपक्रम है जिसके माध्यम से पोथियों की बातों को पल में जाना जा सके। मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के द्वारा प्रस्तुति आत्मा के क्रमिक विकास के सोपानों को साकार करने का अदभुत प्रयास है गुणायतन मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के प्रोण चिंतन और परिपक्व परिकल्पना का जीवंत प्रमाण है।रविवार को गुणायतन के समस्त पदाधिकारी टृस्टी एवं जुड़े हुये सदस्यों की वैठक संपन्न हुई जिसमें गुणायतन से जुड़े सभी नवीन सदस्यों का अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया एवं मुनिसंघ को श्री फल अर्पित कर श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया गुणायतन द्वारा सेवा प्रकल्प के रुप में कयी कार्यक्रम किये जा रहे है।इस अवसर गुणायतन के राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित थे सभी का सम्मान धर्मप्रभावना समिति द्वारा किया गया एवं विश्व का लोकप्रिय कार्यक्रम शंकासमाधान के दस वर्ष पूर्ण होंने पर दो घंटे का अद्भुत शंकासमाधान कार्यक्रम पारस चैनल के द्वारा संपन्न हुआ।एवं सभी डायरेक्टरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विनोद जी काला अध्यक्ष एवं कार्याध्यक्ष एन सी जैन सा. सुभाष जी जैन सी.ओ कोषाध्यक्ष एन .एल .जैन एवं मालवांचल अध्यक्ष सुनील विलाला ने गुणायतन की रुप रेखा रखी एवं गुणायतन की कार्य योजना के बारे में बताया एवं पारस चैनल के डायरेक्टर पंकज जी,भव्य जी,प्रकाश जी मोदी सहित सभी डायरेक्टर कि सम्मान धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी,महोत्सव अध्यक्ष नवीन गोधा महामंत्री हर्ष जैन मुकेश जी पाटोदी, भरत कुसुम मोदी सहित सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने कहा कि यह अच्छी पहल है मालवा प्रांत में जो अधिवेशन हुआ उसमें जो प्रस्ताव आप लोगों नै दिये उसे हमने नोट कर लिया है उसे अगले अधिवेशन तक उन प्रस्ताव की न्योचित बातों पर विचार किया जाऐगा। सम्मेद शिखर में जो गुणायतन बनने जा रहा है वह तो वंहा की कमेटी बना ही लेगी हमारा तो विचार है कि शिक्षा के क्षेत्र में हमें बहूत कार्य करना है हमने केवल आपके लिये नहीं आपके पोते तक इसमें कार्य करें ऐसा करना है। नीती कहती है कि किसी भी कार्ययोजना को तभी प्रकट करूंगा जब उसे पूर्ण कर लूंगा मुझे आचार्य गुरूदेव की गुरु कृपा है और में तो निमित्त मात्रहूं आपका प्रेम आपकी श्रद्धा है यह जो भी कुछ है वह गुरुदेव का ही आशीर्वाद है। शंकासमाधान के दस वर्ष पूर्ण होंने पर लाईव कार्यक्रम पारस चैनल पर किया गया।



## सुसंस्कारों का बीजारोपण-रविवारीय परमात्म पूजन में सैकड़ों बच्चो ने नवांगी पूजन, चैत्यवन्दन सीखा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है। अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प्रात: से ही बच्चे पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती दुप्पटा पहन कर आते हैं, तथा अपने मधुर कंठ से प्रभु भक्ति के श्लोक, नवांगी पूजन के दोहे व दर्शनम देव देवस्य, दर्शनम पाप नाशनम, दर्शनम स्वर्ग सोपानाम, दर्शनम मोक्ष साधनम के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने श्री सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। यही नहीं इस प्रयास से बच्चो के माता पिता भी प्रात: से ही पूजन में आने लगे हैं। ट्रस्टी निलेश गोलछा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारित करने रात्रि धार्मिक पाठशाला का भी संचालित हो रही है। ट्रस्टी डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि आज 56 बच्चों को जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई, सर्वप्रथम परमात्मा के अंगूठे की पूजा करते हुए दोहा जल भरी सम्पुट पत्र मां, युगलिक नर पूजन, ऋषभ चरण अंगुठडो दायक भवी जल अंत भावपूर्वक बोला जाता है। -**संतोष जैन**

## मां की ममता छोटी पड़ गई बड़ा हो गया रुपैया



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** मां की ममता छोटी पड़ गई बड़ा हो गया रुपैया एक मार्मिक लघु नाटिका श्रवण संघ परिवार के बच्चों ने आज जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में प्रस्तुत की आज मां की ममता का मोल बच्चे नहीं समझते मां-बाप के धन दौलत पर बच्चे निगाहें गढाए रखतें हैं सिर्फ धन के लालच में मां-बाप की बेमन से देखरेख कर रहें हैं आज के वर्तमान परिवेश में हर धर में घट रही घटनाओं का वर्णन किया गया।

आध्यात्मिक योगिनी राजगुरु माता उमराव कंवर जी महाराज साहिल मुनि जी महाराज का जन्म दिवस गुणानुवाद सभा के रुप में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में मनाई गई साध्वी सु मंगल प्रभा जी साध्वी सुवृद्धि साध्वी प्रांजल श्री ने अपने भाव व्यक्त किये।

**मास खमण वंदना का आज हुआ समापन :** 26 जुलाई से प्रारंभ हुए मांस खमण वंदना में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा बुजुर्ग महिलाओं सहित सभी ने 31 बार विधी युक्त वंदना प्रस्तुत की 26 जुलाई को एक वंदना से प्रारंभ हुई साधना 31वंदना में आज समापन हुआ।

जय आनंद मधुकर रतन भवन भवन में प्रतिदिन आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज द्वारा रचित बड़ी साधु वंदना के विषय में साध्वी मंडल द्वारा प्रभु वाणी का रसपान कराया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग प्रवचन का श्रवण करने नित प्रतिदिन जय आनंद मधुकर रतन भगवान आ रहे हैं अभी साध्वी जी के सानिध्य में सिद्धि तप का छटवां चक्र चल रहा है इस साधना में जैन समाज के श्रावक श्राविका तप की साधना कर रहे हैं साध्वी सुवृद्धि श्री जी की सिद्धि तप से उपवास की साधना हर्ष और उल्लास के वातावरण में गतिमान है। -**नवीन संचेती**

## चार धर्मों में सबसे श्रेष्ठ है दान धर्म : मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी

**गुरुभगवंतों की पावन निश्रा में हुआ अनुमोदना और पत्रिका आलेखन समारोह**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में रविवार को मुनिश्री जयपाल विजयजी म.सा., मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. एवं मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. के पावन निश्रा में अनुमोदना समारोह का आयोजन किया गया। सिद्धि तप के चढ़ावे का लाभ लेने वाले सभी लाभार्थियों का बहुमान किया गया। बहुमान के लाभार्थी परिवार ने सिद्धि तप के चढ़ावों के लाभार्थियों का तिलक,माला,शॉल और पगड़ी से बहुमान किया।

मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने कैवल्यज्ञान प्राप्ति के दिन सबसे पहली देशना में चार प्रकार के धर्म की बातें कही थी। चार प्रकार के धर्म मानव जीवन के आधार स्तंभ हैं, मोक्ष मार्ग के स्तंभ है और इन चारों में से सबसे पहला आधार स्तंभ तीर्थंकरों ने दान धर्म को बताया है। शास्त्रकार कहते हैं आत्म कल्याण की शुरुआत दान धर्म से होती है। अनंत तीर्थंकरों ने जब चार धर्म की प्ररूपणा की तो सबसे पहले नंबर पर दान धर्म को रखा है। दान धर्म से धर्म, अध्यात्म,साधना और मोक्ष मार्ग की शुरुआत होती है। दान के बहुत सारे प्रकार हो सकते हैं लेकिन जैन शासन के अंदर जिन आज्ञा के अनुसार दान और दानवीरों की अनुमोदना होती है। मुनिश्री ने कहा कि दान जिन आज्ञा के अनुसार होना चाहिए, आंखें मूंद कर नहीं करना चाहिए। जिन आज्ञा के अनुसार दानवीरों की अनुमोदना करने के लिए दान धर्म जैन शासन के अंदर ही देखने को मिलेगा। आज का दिन जिसने तपस्वियों की अनुमोदना की है, अपनी लक्ष्मी को न्योछावर कर महालक्ष्मी बनाई है,उन दानवीरों का अनुमोदना समारोह है। मुनिश्री ने कहा कि संसार में हमने अनुमोदनाए बहुत की, प्रशंसाए बहुत की, ऐसी चीजों का समर्थन किया जो चीजें हमारे गले में बंधे पत्थर बनकर डूबाने का काम करती है लेकिन जैन शासन का दान पैराशूट जैसा है,जिसमें धर्म करने वाला आत्म उन्नति के सौपान चढ़ता है और अनुमोदना करने वाले भी आत्म उन्नति के सौपान चढ़ता हैं।

## नगर गोरव नेहा दीदी सृष्टि दीदी सहित तेरह दीक्षार्थियों की निकाली बिनोली



**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** जैनेश्वरी दीक्षा लेकर जिनमार्ग की ओर बढ़ने वाली नगर गौरव बा.ब्रा. नेहा दीदी एवं बा.ब्रा. सृष्टि दीदी सहित बारह दीक्षार्थी बहनों एवं एक भैयाजी की बिनोली श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में विमर्श जागृति मंच के संयोजन में शान्ति नगर से दोपहर में निकली गई जिसमें दीक्षार्थी बहनो को बग्गियों में बिठाकर शहर के प्रमुख मार्गों से विनोली के रूप में निकली गई जिसमें दीक्षार्थी बहनो के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु चल रहे थे शोभा यात्रा सुभाष गंज में आकर धर्म सभा में बदल गई।

जहां जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद उपाध्यक्ष अजित वरोदिया राजेन्द्र अमन प्रदीप तारई कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघई संयोजक उमेश सिघई मनीष सिघई मनोज रन्नौद श्रेयांस जैन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा जैन जाग्रति मंच राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुभाष केंची शाखा अध्यक्ष अनूप जैन बाबू, मंत्री संजय सिंघई, कोषाध्यक्ष चन्द्रेश जैन, हेमंत टडैया, रोहित सिंघई, राजीव चन्देरी, विनोद भारिल्ल, एस.के. जैन, प्रमोद जैन, विमल जैन सहित अन्य प्रमुख साधर्मियों ने श्री फल भेंट किए।

इस दौरान जैन समाज मंत्री विजय धुर्रा ने कहा नगर गोरव नेहा दीदी सृष्टि दीदी सहित तेरह बहनों की दिल्ली में दीक्षा होने जा रही है और दीक्षार्थी बहनों की जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में भव्य बिनोली निकाली गई हम सब इनके वैराग्य की स्तुति करने आये है शाम को पारसनाथ मन्दिर पर गोद भराई होगी इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि वैराग्य की इस यात्रा में शामिल होने वाली बहनों के वैराग्य की हम अनुमोदना कर रहे हैं हमारे नगर की बेटी के साथ एक साथ तेरह दीक्षार्थी बहनें दीक्षा लेने जा रही वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। इस दौरान विशु दीदी ने कहा कि एक दूसरे का सहयोग करना ही मोक्ष मार्ग है हम सब बहने मोक्ष मार्ग की ओर कदम बढ़ाने जा रहे हैं इसमें आप लोगों की शुभकामनाएं हमारे वैराग्य को और भी मजबूत करेंगे यहां अध्यक्ष जी रथ के आगे ऐसे चल रहे थे मानो अपनी वेटी को विदाई देने जा रहे हो यही स्नेह वात्सल्य इस कठिन मार्ग को सरल बना देता है। -**विजय धुर्रा**

## मुनिश्री प्रसाद सागर जी महाराज ने कहा- भक्ति की प्रियंका- सम्राट अशोक



**जबलपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय इतिहास से महान शासक एवं गौरवशाली इतिहास के बारे में बताते हुए मुनि श्री प्रसाद सागर जी ने कहा की इतिहास में सम्राट् अशोक एक ऐसा शासक हुआ है जिसने कलिंग युद्ध का नरसंहार देखकर अपना हृदय, अपना जीवन ही बदल लिया और फिर सिंहासन पर बैठते हुए भी बिना तलवार के शासन किया।इसलिए वो सभी के लिए प्रिय थे अत: उन्हें सबसे प्रिय और जिन के उपस्तिथि से सारा माहौल खुशनुमा हो जाता था इसलिए प्रियंका या प्रियंकारा का नाम भी दिया गया सम्राट् अशोक के शिलालेखों से भी विदित है कि उनका जीवन दयावान, न्यायप्रिय और काफी धार्मिक रहा है। उसने अहिंसा, प्रेम, आत्मीयता, परोपकार और भाईचारे पर काफी जोर दिया है।इतिहास इस बात का साक्षी है कि युगों युगों से धर्म को राजाश्रय एवं राजसंरक्षण प्राप्त रहा है। राजाओं की सहयोगी छाया में सत्य और अहिंसा धर्म ने अपना विस्तार सारी धरती पर किया है।इसी क्रम में मुनि श्री पद्म सागर जी ने भ्रांतियों को दूर करते हुए बहुत बड़े भ्रम को दूर करते हुए बताया की भगवान महावीर स्वामी को जैनधर्म का संस्थापक मानना इतिहासकारों का भ्रम है। यथार्थ में इस धर्म का प्रवाह तो अनादि अनिधन है किन्तु इस युग में धर्म के संस्थापक/प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव हुए और इसी क्रम में कालान्तर से शेष तेईस तीर्थंकर और हुए जिनमें अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी थे।और ऋषभदेव के पुत्र प्रथम चक्रवर्ती भरत के नाम से इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा है, यह बात स्वयं इतिहास से सिद्ध है।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में युवा उत्सव 3.0 का आयोजन

**एसआरयू की सत्यप्रभा साहू ने नृत्य प्रतियोगिता और जतिन जेदुआ ने कैरम प्रतियोगिता के बने विजेता**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 24 अगस्त 2024 को, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने यंग इंडियंस (वाईआई) रायपुर के सहयोग से जीवंत युवा उत्सव 3.0 की मेजबानी की, जहाँ छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी के 12 शैक्षणिक संस्थानों के 130 से अधिक छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाइ।

इस कार्यक्रम में एक रोमांचक एकल नृत्य प्रतियोगिता और लोक नृत्य प्रतियोगिता के साथ-साथ एक उत्साही कैरम प्रतियोगिता भी शामिल थी। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. एस.के. सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा द्वारा नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल का पुष्पांजलि के साथ स्वागत से हुई और यंग इंडियंस (यी) के सदस्य श्री कवित पसारी और श्री स्वप्निल अग्रवाल ने निर्णायक मंडल डॉ. राजश्री नामदेव, श्री दीपिन मेहता और श्री ज़िन आर.वी. का भी स्वागत किया।

एकल और लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने क्लासिकल, लिरिकल हिप-हॉप, रैप-मिक्स, बॉलीवुड मिक्स गानों जैसे सजनी रे.., बोल हल्के हल्के.. आदि पर प्रस्तुति दी, जिसमें श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय की सत्यप्रभा साहू विजेता रहीं और आईटीएम विश्वविद्यालय की जे लावण्या उपविजेता रहीं।

कैरम प्रतियोगिता में 75 से अधिक प्रतिभागियों ने पांच राउंड में एक-दूसरे से मुकाबला किया, जिसमें एसआरयू के जतिन जेठुआ विजेता बने।

आयोजन के विशेष कार्यक्रम में रायपुर के सिंगर आर्टिस्ट श्यामा अग्रवला ने लाइव परफॉर्मेंस से सभी विद्यार्थियों, प्रतिभागियों को अपने सिंगिंग से रोमांच भर दिया।

## वीर माता श्रीमती कमला बाई डाकलिया की 27वीं पुण्य तिथि पर पुण्यात्मा का पुण्य स्मरण


स्व. श्रीमती कमला बाई डाकलिया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुण्यात्माएं अपने अस्तित्व काल में ही अपने कार्यों से, अपने व्यवहार से और अपनी वाणी से समाज को एक सार्थक सन्देश देते चली जाती हैं। यह संदेश भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय मिसाल बन जाता है और हम उनका पुण्य स्मरण कर स्वयं के लिए प्रेरणा का मार्ग खोलने की कोशिश करते हैं।

वीर माता श्रीमती कमला बाई डाकलिया की 27 वीं पुण्यतिथि पर एक बार पुन: उनकी तपस्वी शक्तियों का स्मरण करते गौरव का अनुभव हो रहा है। वे सशरीर हमारे मध्य भले नहीं है। लेकिन उनके विचार ङ्क आचार और कार्यों का साया समस्त डाकलिया परिवार के साथ जैन समाज की धरोहर है।

मनोहर गौशाला आपकी ही प्रेरणा का साकार उदाहरण है। आपका जीवन बालवय से ही तपस्वी रहा है। मात्र उम्र 9 वर्ष की अबोध उम्र में ही आपने आजीवन 'चोविहार' का व्रत लिया। यही नहीं, अपने जीवन काल में 5000 से अधिक 'एकासना' 5000 से अधिक उपवास किए। इतना ही नहीं, 5000 से अधिक 'आयंबिल तप' करने के साथ ही 2 'मास खमन' भी पूरे किए। साथ में 45 'अट्ठाई तप', 75 'नवपद जी की ओली' सहित 63 'वर्धमान तप की ओली' और 'नवानुतप', 'उपधान तप' आदि से अपने जीवन की दिशा तैयार की।

सकल समाज आपको परम पूज्या गुरूवर्या श्री भक्तामर प्रसारिका श्री मृगावती श्रीजी महाराज साहब की वीर माता के रूप में भी जानता है। आज आपके स्मृति दिवस पर विनम्र स्मरण करते चरणों में कोटि कोटि वंदन अर्पित करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ईनामी दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 5-05 लाख के दो ईनामी नक्सली नगरी एरिया कमेटी/गोबरा एलोएस के सदस्य टिकेश एवं सीता नदी एरिया कमेटी/एसीएम सदस्य प्रमिला ने किया आत्मसमर्पण कर दिया है। दोनों माओवादी हत्या, हत्या का प्रयास, मुठभेड़ आईईडी लगाने समेत कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। टिकेश के विरुद्ध 32 एवं प्रमिला के विरुद्ध 14 मामलों में विभिन्न धाराओ में अपराध दर्ज है। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर एवं पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान नगरी एरिया कमेटी/गोबरा एलओएस सदस्य टिकेश उर्फ टिकेश्वर वट्टी एवं सीता नदी एरिया कमेटी/ एसीएम सदस्य,प्रमिला उर्फ गणेशी नेताम दोनों पति पत्नी ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव-पूर्ण, व्यवहार उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर आत्मसमर्पण कर दिया। बता दें कि दोनों माओवादी हत्या, हत्या का प्रयास, मुठभेड़ आईईडी लगाने समेत कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। टिकेश के विरुद्ध 32 एवं प्रमिला के विरुद्ध 14 मामलों में विभिन्न धाराओ में अपराध दर्ज है।

### कांकेर में मातृशक्तियों ने मनाया हल षष्ठी पर्व

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कांकेर के झूनिया पारा में नवनिर्मित भोलेनाथ मंदिर में आज मातृशक्तियों ने एकत्रित होकर कमर छठ पर्व मनाया। इस अवसर पर माताएं अपने संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना के लिए एकत्रित हुईं।पंडित जी के द्वारा कमर छठ की पूजा कराई गई, जिसमें माताएं व्रत रखकर अपने संतान के लिए प्रार्थना की। यह पर्व छत्तीसगढ़ में कमर छठ के नाम से जाना जाता है और हल सस्टी पर्व के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर मातृशक्तियों ने अपने संतान के लिए आशीर्वाद और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद, सभी माताओं ने व्रत तोड़ा और परस्पर प्रसाद, मिठाइयां बांटकर इस पर्व को मनाया।कमर छठ पर्व का यह आयोजन कांकेर के झूनिया पारा में नवनिर्मित भोलेनाथ मंदिर में किया गया, जो कि एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। इस पर्व के माध्यम से, मातृशक्तियों ने अपने संतान के प्रति अपने प्रेम और स्नेह को प्रकट किया।इस अवसर पर उपस्थित माताओं ने कहा कि कमर छठ पर्व का यह आयोजन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हम अपने संतान के लिए आशीर्वाद और सुख-समृद्धि की कामना कर सकते हैं।

### सट्टा खिलाने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले की पुलिस चौकी तुमडीबोड, थाना लालबाग पुलिस ने सट्टा खिलाते हुए एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से सट्टा पट्टी तथा नगदी रकम जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देशन पर अवैध रूप से अंको का रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा लिखने वालो पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में शनिवार तुमडीबोड पुलिस को मुखबीर से सुचना मिली कि गुड्डू उर्फ श्रीकांत सोनवानी नामक व्यक्ति ग्राम तुमडीबोड गौठान गणेश मंच के पास सट्टा लिख रहा है। सुचना पर पुलिस ग्राम तुमडीबोड गौठान गणेश मंच के पास जाकर रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी गुड्डू को सट्टा लिखते हुए गिरफ्तार किया तथा उसके पास से 02 नग सट्टा पट्टी, 01 नग नीला रंग का डॉट पेन, नगदी रकम 1800 रूपये जप्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 06 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### स्कूली बच्चों ने स्वच्छता का दिया संदेश दिया

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को जिले के सभी ग्रामों में स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामवासी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और ग्रामों के चौक-चौराहों, मोहल्लो एवं बाजार सहित अन्य स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों एवं स्कूली बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाकर गांव की साफ-सफाई की। स्कूली बच्चों द्वारा ओडीएफ प्लस की आकृति बनाकर ग्राम को ओडीएफप्लस बनाने और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकान्त कोरार्म, जनपद सीईओ श्री नवीन कुमार, एबीईओ रश्मि ठाकुर, प्राचार्य श्री केपी साहू , सीएसी श्री सलामे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# सुपोषित और स्वस्थ बच्चे के लिए बच्चों के खान-पान और स्वच्छता पर रखें विशेष ध्यान - कलेक्टर

**कलेक्टर पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत ग्राम मोहगांव आंगनबाड़ी केन्द्र में पालक चौपाल कार्यक्रम में हुए शामिल**

**बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर पौष्टिक आहार दें**



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल छुरिया विकासखंड के दौरे के दौरान विगत दिवस शुक्रवार को ग्राम मोहगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ग्राम मोहगांव आंगनबाड़ी केन्द्र में पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत चल रहे पालक चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले में पोट्ठ लईका पहल अभियान नवाचार के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को पोषण आहार के संबंध में प्रत्येक शुक्रवार को पालक चौपाल आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत पालक चौपाल में बच्चों के पालकों को बहुत ही सरल तरीके से अपने बच्चे को अच्छे खान-पान से बच्चों का वजन बढ़ाने और स्वस्थ रखने के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कम वजन वाले बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि बच्चों के प्रति ध्यान नहीं देने से बच्चे कमजोर हो जाते हैं। बच्चों के खान-पान और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने से बच्चे सुपोषित और स्वस्थ रहते है। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को भी पौष्टिक भोजन लेने के लिए कहा और स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए। उन्होंने कहा कि बच्चों के वजन में वृद्धि करने के लिए बच्चों के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों को दिन भर में 5 से 6 बार थोड़ा-थोड़ा खाना खिलाना चाहिए। चावल-रोटी के साथ ज्यादा मात्रा में हरी सब्जी और दाल खिलाने कहा। बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर खाद्यान्न सामग्री सेवन कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए खाना बनाते और खिलाते समय हाथों को ठीक से धोना आवश्यक है। बच्चे बहुत संवेदनशील होते हैं, उन्हें जल्दी से संक्रमण फैल सकता है। बच्चों को संक्रमण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रत्येक 6 माह में कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल खिलानी चाहिए। उसके लिए अभियान भी चलाया जाता है, उस समय कृमि नाशक दवाई खिलाना चाहिए। उन्होंने 29 अगस्त को बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि अपने 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए अपने निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजॉल अवश्य खिलाएं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने गर्भवती महिलाओं से कहा कि उन्हें दो लोगों के लिए पौष्टिक आहार लेने की जरूरत है।

## यातायात जागरूकता अभियान के तहत शासकीय स्कूलों में लगाया गया यातायात पाठशाला

**धमतरी पुलिस यातायात द्वारा छात्र-छात्राओं को दी गई यातायात संकेतों, चिन्हों एवं नियमों की जानकारी**

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी पुलिस यातायात स्टॉफ द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शास0 उच्च0 माध्य0 विद्या0 मोगरागहन एवं अकलाडोंगरी पहुंचकर यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सउनि.सुरेश नेताम, चन्द्रशेखर देवांगन के द्वारा उपस्थित 196 छात्र- छात्राओं को ब्लैक बोर्ड में यातायात चिन्हों, संकेतो व रोड मार्किंग को चित्रित कर विस्तृत जानकारी देकर, सुरक्षित चलने के नियमों से अवगत कराते बताया गया, कि मार्ग में हमेशा बायें साईड में चलना चाहिए, झुंड़ में नही चलना चाहिए, अचानक रोड में नही मुड़ना चाहिए, सायकल में चलने के दौरान मुडने से पहले हाथ का इशारा देकर या वाहन में चलने के दौरान इंडीकेटर का प्रयोग करना चाहिए, रोड क्रास करने से पहले भली-भाँति दायें बायें देखकर यह सुनिश्चित कर ले कि, कोई गाड़ी तो नही आ रही है पूर्ण रूप से आश्वस्त होकर ही तेजगति से रोड क्रास करना चाहिए, साथियों के साथ रेस की प्रतियोगिता नही करना चाहिये। दोपहिया, चारपहिया वाहन में सफर के दौरान हेलमेट, सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से स्वयं व चालक को करना चाहिए, बिना लायसेंस के वाहन नही चलाना चाहिए, दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठकर नही चलना चाहिए, आटो, बस आदि में सफर के दौरान लटककर सफर नही करना चाहिए, यातायात नियमों का हमेशा पालन करने एवं अपने परिजन को पालन कराने प्रेरित करने बताया गया। साथ ही ड्रायविंग लायसेंस बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया कि पहले लर्निंग लायसेंस बनाया जाता है, जिसमें जन्मतिथि हेतु कक्षा 10 वी अंकसूची, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज का फोटो,ऑख संबंधी परीक्षण रिपोर्ट और शुल्क के साथ आवेदन जिला परिवहन कार्यालय के वेबसाईट में करना होता है। एक माह बाद लर्निंग लायसेंस जारी कर दिया जाता है,जिसका उद्देश्य आपके वाहन चालन सीखना है, फिर 01 माह बाद स्थायी लायसेंस हेतु आवेदन प्रस्तुत करना होता है, जिसमें परिवहन विभाग के द्वारा ऑनलाईन आब्जेक्टिव एवं आप्टिकल टेस्ट होता है, उक्त टेस्ट में पास होने के उपरांत ही स्थायी लायसेंस जारी किया जाता है। साथ ही वाहन चालन के दौरान रखी जाने वाले दस्तावेज आर.सी.बुक, ड्राईविंग लायसेंस, फिटनेश प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए छांयाप्रति रखने या मोबाईल के डिजिटल लॉकर में रखना चाहिए बताकर यातायात नियम संबंधित पाम्पलेट वितरण किया गया।

## यात्रियों को छोड़कर इंडिगो ने भरी उड़ान, एयरपोर्ट पर हुआ हंगामा

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** गुरुवार को इंडिगो की हैदराबाद फ्लाइट जगदलपुर से कुछ यात्रियों को लिए बगैर उड़ गई. इसके बाद यात्रियों ने एयरपोर्ट में हंगामा किया और कहा कि उन्हें शुक्रवार की फ्लाइट में अडजस्ट किया जाए. यात्रियों ने कहा कि वे समय पर एयरपोर्ट पहुंच गए. बावजूद फ्लाइट उन्हें लिए बगैर टेकऑफ कर गई. यात्रियों को समझाइश देते कंपनी के जिम्मेदारों ने कहा कि वे निर्धारित समय पर एयरपोर्ट नहीं पहुंचे थे, जिसकी वजह से उनकी फ्लाइट छूट गई. जगदलपुर से हैदराबाद जाने वाले यात्री वैष्णवी घोष, गुनगुन जैन व कामाक्षा ने बताया कि वे समय पर एयरपोर्ट पहुंच चुके थे और फ्लाइट एयरपोर्ट में खड़ी थी, लेकिन बोर्डिंग पास लेने में कर्मचारियों ने समय लगा दिया. फ्लाइट के टेकऑफका समय दोपहर 3.40 बजे था, लेकिन 3.15 बजे ही फ्लाइट टेकऑफ कर गई. इसके कारण ही एयरपोर्ट में ही छूट गए. इसके अलावा अन्य दो लोग भी छूट गए. यात्रियों ने बताया इंडिगो के स्थानीय प्रबंधन ने टिकट का पैसा वापस करने से इंकार कर दिया है. साथ ही अगले दिन टिकट एडजस्ट करने से भी मना किया जा रहा है. यात्रियों ने बताया कि वे छात्राएं हैं और उनकी हैदराबाद से दिल्ली और पुणे के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट थी. इंडिगो के स्थानीय प्रबंधन की मनमानी के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है. इधर फ्लाइट मिस होने के बाद यात्री और परिजनों ने एयरपोर्ट में काफी हंगामा किया और वे लगातार विमानन कंपनी की गलती होने की बात कह रहे थे.

## कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ली राईस मिलर्स की बैठक कस्टम मिलिंग में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग की समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कस्टम मिलिंग अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 89 राईस मिलर्स पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में जिले के सभी राईस मिलर्स को भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने अनुबंध किया गया है तथा उनके द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उसना एवं अरवा मिलर्स की पृथक-पृथक मिल वार कार्यों की समीक्षा की तथा सभी मिलर्स को निर्धारित समयावधि में कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए। मिलर्स द्वारा चावल जमा कार्य में हमालों की कमी की समस्या से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने इस समस्या के समाधान के लिए भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में 64 प्रतिशत चावल जमा हो चुका है, शेष बचे चावल को 30 सितम्बर 2024 तक जमा किया जाना है। जिले में अब तक एफसीआई में 135245.99 मीट्रिक टन अरवा एवं उसना चावल जमा किया जाना शेष है। इसी तरह नागरिक आपूर्ति निगम में कुल 26368.50 मीट्रिक टन अरवा चाल जमा किया जाना शेष है। जिले में अब तक लगभग 64 प्रतिशत कस्टम मिलिंग कर चावल जमा हो चुका है। कलेक्टर ने शेष 36 प्रतिशत चावल जमा कराने के लिए विभागीय अधिकारी को मानिटिरिंग करने एवं राईस मिलर्स को यथाशीघ्र चावल जमा करने निर्देशित किया।

## निषाद भवन में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की हुई बैठक

**नगरीय निकाय में दमदारी से चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी-तरुणा**

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री ,लोकसभा सचिव व राष्ट्रीय परिषद की सदस्य तरुणा साबे (निषाद) ने मीडिया को बताया कि आम आदमी पार्टी की वार्ड स्तरीय बैठक स्थानीय निषाद भवन में आज सम्पन्न हुई। जिस पर नगरीय निकाय चुनाव के सम्बंध में ये दूसरी बैठक सफलता पूर्वक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री समीर खान, जगदलपुर के निगम चुनाव प्रभारी संजीत विश्वकर्मा व अनुषा जोसेफ की विशेष उपस्थिति और मार्गदर्शन मिला। बैठक में चुनाव प्रभारी संजीत विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए विषम परिस्थितियों में पार्टी के लिए खड़े रहने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस बार बिना दारू बिना मुर्गे बिना पैसे से चुनाव लड़ कर आम आदमी पार्टी दिल्ली,गुजरात मध्यप्रदेश और पंजाब जैसे उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपनी जीत दर्ज करेगी।संगठन और चुनाव के रूपरेखा पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए चुनाव प्रभारी अनुषा जोसेफ ने वार्ड से आये कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव को लेकर सुझाव मांगा और शिकायतों पर चर्चा की। प्रदेश संगठन मंत्री समीर खान ने बताया कि पार्टी पूरे 48 वार्डो में चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से गंभीर है। साथ ही साथ वार्ड वासियों को इस बार नया विकल्प आम आदमी पार्टी के रूप में मिलने वाला है। वरिष्ठ नेत्री तरुणा साबे (निषाद ) ने कहा निगम चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। अब तक कभी भाजपा और कभी कांग्रेस ये दोनों ही पार्टी बारी बारी से वार्ड वासियों की समस्याओं को दर किनार करते हुए सिर्फऔर सिर्फ लूटते आई है।

# एक पेड़ मां के नाम पर किया गया पौधारोपण



**धमतरी(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्येश्य से एवं मां के सम्मान में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत जिले के अनेक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधरोपण किया गया। ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी विकासखंड के अमृत सरोवर, नदी, तालाब किनारे, गांव के रिक्त स्थानों में, शासकीय भवनों में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधरोपण किया गया। ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत रोपे गए आम, अमरूद, नीम, करंज, कटहल, पीपल, बरगद, गुलमोहर, नीबू, आंवला जैसे हजारों फलदार व छायादार पौधे रोपे गये। इसके पूर्व 05 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी ने पौधारोपण करते हुए जिलेवासियों को एक पेड़ मां के नाम से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की गई। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने भी कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर में छायादार पौधारोपण किया। इस परिसर में आसपास के कालोनीवासी, नागरिकगण शुद्ध आबोहवा के लिए सुबह-शाम सैर करने आते हैं। इसलिए लोगों की सुविधा एवं शुद्ध पर्यावरण की दृष्टि से उक्त स्थान में वृहद रूप से एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ पौधारोपण कर अभियान की सार्थकता को और अधिक द्विगुणित किया गया। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि कलेक्टर के निर्देश पर एक पेड़ मां के नाम का पौधों रोपण दिवस को यादगार बताते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए जीवन में अधिक से अधिक पेड़-पौधे अवश्य लगाएं। पेड़ है तो छांव हैं,छांव है तो पांव है, धरती से जीवन है, जल है तो कल है, हर पल जीवन का सुवास है इसलिए हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण के साथ सुरक्षा का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की प्रतिपूर्ति करती है, इससे धरती का तापमान कम होता है, भूजल स्तर में वृद्धि होती है और प्रदूषण नियंत्रित करती है।

## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों के साथ निकाली जाएगी भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव की पावनधारा पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगाँव द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय भव्य विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अत: यादव बंधुओं से विनम: प्रार्थना है कि कंस के अत्याचारों से यादवों को मुक्त कराने वाले, कालिया नाम को नाथने वाल, गोवर्धनधारी ग्वालों के सखा, बंसीधर, मोरमुकुटधारी, गायों के परमरक्षक, बल्दाऊ के भैया, यशोदानंद के लाल, यदुवंश में जन्म लेने वाले भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में अपनी गारिमामय उपस्थिति प्रदान कर शोभायात्रा को सफल बनाएं । समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जी की शोभायात्रा में मंडई मेला, राऊत नाचा, अखाड़ा, विभिन्न प्रकार के बाजे गाजे, भगवान श्री कृष्ण की मनोरम झाकियां, विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा । संस्काराधानी राजनांदगाँव कृष्ण जन्माष्टमी के दिन ऐसा लगता है कि मानो इस वृंदावन, गोकुल, मथुरा में है । दिनांक 26/08/2024 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे स्थान महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास स्थापित सहाड़ादेव की पूजा अर्चना के भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी ।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सबके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण हमें जीवन जीने का सही राह बताते हैं। उनके उपदेश जीवन की हर परिस्थिति के लिए प्रासंगिक है।

# पूर्व संघचालक स्व. कुंदन लाल जैन स्मृति विचार माला के अंतर्गत द्वितीय पुष्प का आयोजन





### जैन गुरु पावन निश्रा विराग मुनिश्री और सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जी जैन ने रखे अपने विचार

### हमें इंसान बनना है या शैतान यह चॉइस हमारी : विराग मुनिश्री

### 22 जनवरी को जो दृश्य हमने अयोध्या में देखा वह जल्द ज्ञानव्यापी और कृष्ण जन्म भूमि में देखेंगे : विष्णु शंकर

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर के पूर्व संघचालक स्व. कुंदन लाल जैन की स्मृति में राजधानी रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज सभागार में स्मृति विचार माला के द्वितीय पुष्प का आयोजन किया गया। कुंदन लाल जैन स्मृति विचार मंच के इस कार्यक्रम में राष्ट्र गौरव का पुनर्जागरण विषय पर जैन समाज के गुरु पावन निश्रा परमपूज्य विराग मुनिश्री जी, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जी जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना ने अपना उद्बोधन दिया।

जैन समाज के गुरु पावन निश्रा परमपूज्य विराग मुनिश्री जी ने विचार माला द्वितीय पुष्प को सम्बोधित करते हुए कहा कि महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। उनके बताए अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय), ब्रह्मचर्य जैसे पंचशील के सिद्धांत यदि आज विश्व अपना ले तो कहीं कोई समस्या नहीं रहेगी लेकिन आज विकट समय आ गया है। उन्होंने ब्रिटिश काल की कुछ घटनाओं का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जब अंग्रेज भारत में आए, तब जॉर्ज मैकाले को भारत भेजा गया। सर्वेक्षण के बाद मैकाले ने ब्रिटिश शासन को एक रिपोर्ट भेजी, उस रिपोर्ट में लिखा कि यदि भारत को गुलाम बनाना है तो हमें 3 काम करने होंगे। पहला शिक्षा, संस्कृति के प्रति हीन भावना लानी होगी। दूसरा संस्कृति को ठेस पहुंचाना होगा, तीसरा संयुक्त परिवार को तोड़ने तोड़ना होगा और उन्होंने यही किया।

विराग मुनिश्री ने रामायण के एक प्रसंग का जिक्र करते हुए बताया कि जब माता सीता ने हनुमान जी के कहने के बावजूद अशोक वाटिका से उनके साथ लौटने से मना कर दिया, यह फैसला उन्होंने संस्कृति की रक्षा के लिए लिया था। आज राम जैसा भाई नहीं, राम जैसा पुत्र नहीं। हमें जरूरत थी रामायण के कैरक्टर्स को जिंदा करने की लेकिन हमने महाभारत के कैरेक्टर्स को जिंदा कर दिया। आज संस्कृति को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हमें अपनी भाषा, संस्कृति को और मजबूत करना है। मुनिश्री ने कहा कि हम जब पैदा हुए थे जग हंस रहा था और हम रो रहे थे लेकिन हम जब मरें तो दुनिया की आंखों में आंसू रहे और हम हंसते रहे, हमें इस तरह का काम करना है। हमें इंसान बनना है या शैतान बनना है चॉइस हमारी है। महाभारत की यह घटना हमने बताती है कि समर्पण और योग्यता कितनी महत्वपूर्ण है। गुरु द्रोणाचार्य ने पांडवों और कौरवों दोनों को प्रशिक्षण दिया लेकिन दोनों की संस्कृति, विचार और करनी में कितना फर्क रहा आप सभी जानते हैं।

उन्होंने एक प्रसंग का जिक्र करते हुए बताया कि काशी के नरेश ने कौशल देश के राजा पर आक्रमण किया, कौशल देश का राजा चुनाव हार गया, हारने के बाद वह जंगल चले गए एक दिन वह अपने देश का भ्रमण कर रहे थे तभी एक व्यक्ति से वह मिले जो बहुत दुखी था, राजा ने उस व्यक्ति को काशी नरेश के दरबार में ले गया और कहा कि आपने कौशल देश के राजा को ढूंढकर लाने वाले को 5 लाख स्वर्ण मुद्रा देने का ऐलान किया था, यह व्यक्ति मुझे यहां लेकर आया है, मेरा हारा हुआ राज्य मुझे नहीं चाहिए आप बस ईनाम की राशि इस व्यक्ति को दे दीजिए। इतना सुनकर काशी नरेश रो पड़े और कौशल नरेश को गले लगाकर राज्य लौटा दिया, उन्होंने क्षमा मांगकर कहा कि इतने प्रजा वत्सल राजा से मैंने राज्य लिया, मैं आपकी प्रजा को कुछ नहीं दे पाया। यह कहानी हमें बताती है कि उद्देश्यपूर्ण कर्तव्य का कितना महत्व है। मुनिश्री ने आगे कहा कि शीतयुद्ध बहुत हो गया अब आर या पार का समय है। समय आ चुका है हमें अपनी संस्कृति को जीवित करना है। अपने संस्कारों को प्रकाशित करना है। रामराज्य को लाना है।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जी जैन ने कहा कि आज बहुत बड़ी साजिश चल रही है। ज्ञानव्यापी का केस 2019-20 में हमने फाइल किया, मुझे और हमारी टीम को अनुभव होता है कि यह हमसे फाइल हुआ है, इस बीच बहुत महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक घटनाएं हुई हैं। भगवान श्रीराम मंदिर केस में सुप्रीम कोर्ट ने लिखित रूप से कहा कि मंदिर के टूट जाने के भगवान का अस्तित्व खत्म नहीं हो जाता है। हम भी यही कहते हैं कि वन्स अ टेम्लप ऑलवेज अ टेम्पल। श्रीराम मंदिर में एएसआई की जो रिपोर्ट आई थी उससे मजबूत रिपोर्ट ज्ञानव्यापी को लेकर एएसआई ने दी है।

शंकर जी जैन ने कहा कि 31 जनवरी 2024 के ज्ञानव्यापी केस में बड़ा फैसला दिया जब उन्होंने कहा कि पूजापाठ शुरू किया जाए, उत्तरप्रदेश की सरकार ने भी 9 घंटों के भीतर सारा प्रबंध करके पूजापाठ शुरू कर दिया जाएगा। 22 जनवरी को जो दृश्य हमने अयोध्या में देखा वही दृश्य जल्द हम ज्ञानव्यापी और कृष्ण जन्म भूमि में देखने जा रहे हैं। यह सब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से होगा जब हम दुनिया को यह साबित कर देंगे कि कलम की ताकत तलवार की ताकत से बड़ी होती है। उद्बोधन के बाद सवाल-जवाब का सत्र भी रखा गया जिसमें उपस्थित जनों से जुटाए सवालों को विशेषज्ञ वक्ताओं से पूछा गया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना ने रखी। श्री सक्सेना ने कहा कि स्वर्गीय श्री कुंदन लाल जैन ने विचारशील जीवन जिया है। सबको साथ लेकर चलना उनके चरित्र की महानता रही उनका प्रयास रहा कि सभी एकजुट होकर समाज और देश के हित में कार्य करते रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री चंदन जैन एवं आभार प्रदर्शन श्री नंदन जैन ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल रमेन डेका से मिले अखिल जैन, वैदिक गणपति की प्रतिमा से किया सम्मान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका से मनोहर गौशाला के ट्रस्टी और जीव जंतु कल्याण बोर्ड के मानद प्रतिनिधि अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने रविवार को उनके निवास में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गौशाला के संबंध में राज्यपाल को जानकारी दी। साथ ही यहां होने वाले रिसर्च के बारे में बताया। उन्होंने राज्यपाल को कामधेनु माता के दर्शन व गौशाला आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए सपरिवार जल्द ही गौशाला भ्रमण का आश्वासन दिया। इस दौरान जैन ने कामधेनु माता का मोमेंटो, गोबर की वैदिक माला, फसल अमृत, मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड, गोबर के वैदिक गणपति की प्रतिमा, गौ अर्क, 'गाय एक वरदान' किताब राज्यपाल को भेंट की।

### डॉ. मोमिता देबनाथ को श्रद्धांजलि देने शंकर नगर वार्ड की महिलाएं अटल उद्यान में एकत्रित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कोलकाता में हुए हत्याकांड में डॉ.मोमिता देबनाथ को श्रद्धांजलि देने शंकर नगर वार्ड की महिलाएं अटल उधान में एकत्रित हुई जंहा उन्होंने डॉ. मौमिता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान मुख्य रूप से श्रीमति श्यामली नामदेव जी, वार्ड पार्षद श्रीमती सुमन राम प्रजापति जी, श्रीमती तापसी गांगुली जी, श्रीमती मंजूषा अग्रवाल जी, श्रीमती निकिता तिवारी जी, श्रीमती गामिनी ठाकुर जी, श्रीमति मीना सेन जी, श्रीमती शीला प्रजापति जी, श्रीमती ओमेश्वरी चंद्राकर जी, श्रीमती गायत्री चंद्रा कर जी, श्रीमती अनिता मिश्रा जी, श्रीमती ममता जोशी जी, श्रीमती सुनीता वंजारी जी, श्रीमती सुनीता नागवंशी जी, श्रीमती गायत्री वर्मा जी, श्रीमती साधना चक्रवती जी, श्रीमती अचूकी देवी जी, श्रीमति मीना जैन जी, श्रीमती मंजू जी, श्रीमती वनजा जी, श्रीमती शालू दुबे जी, सहित मातृ शक्ति उपस्तिथ हुई।

### पीके राघव छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष निर्वाचित




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत कर्मचारियों के सम्मेलन में पी के राघव को छत्तीसगढ़ इकाई का अध्यक्ष चुना गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पी के राघव ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने उन पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री व्ही रेड्डी महासचिव श्री सगुण शुक्ला, अध्यक्ष श्री गणपति हेगड़े हस्त्रत्रत्रत्र के महासचिव श्री महेंद्र सिंह और महासचिव श्री शिवकरण ने सेवानिवृत कर्मचारियों को संबोधित किया और पेंशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इनके मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ इकाई का गठन किया गया जिसमें पी के राघव को अध्यक्ष, श्री अरूण मिश्रा को महासचिव, और श्री आर एस ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया।

## आंजनेय विश्वविद्यालय में थैलेसीमिया रोगियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** थैलेसीमिया रोगियों की सहायता हेतु आंजनेय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चालीस से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षको और कर्मचारियों ने थैलेसीमिया जैसे गंभीर रक्त विकार से पीड़ित मरीजों के लिए रक्तदान किया।

काश फाउंडेशन, रायपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में मेडिकल टीम ने सभी दाताओं के स्वास्थ्य की जांच की और रक्तदान की प्रक्रिया को सुरक्षित और सहज बनाया। शिविर के अंत में सभी दाताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। आंजनेय विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बी. सी. जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल थैलेसीमिया रोगियों की मदद करना नहीं है, बल्कि समाज में रक्तदान के महत्व को विद्यार्थियों के बीच बढ़ावा देना है, ताकि वे समाज में जागरूकता फैला सकें। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी दाताओं के योगदान की भी सराहना की। कार्यक्रम की संयोजिका एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. प्रांजलि गनी ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिसे हर व्यक्ति को करना चाहिए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करता है, ताकि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के वास्तविक मूल्यों के प्रति जागरूक किया जा सके।

## श्री दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड में श्री भक्तामर विधान का हुआ आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर श्री दिगम्बर जैन मंदिर, मालवीय रोड बड़े मंदिर जी में विराजित मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान के समक्ष आज 25/08/2024 रविवार भक्तामर विधान श्रृंखला में श्री हीरालाल जी शाह परिवार के द्वारा बड़े भी भक्ति भाव से भगवान का अभिषेक पूजन, शांति धारा, भक्तामर विधान पं संजय जैन के मार्गदर्शन में एवं ट्रस्ट मण्डल, कार्यकारणी सदस्य एवं समाज के अनेक लोगों की उपस्थिति में आनंदपूर्वक संपन्न हुआ।

पाठशाला प्रभारी श्रीमति संध्या जैन एवं लोकेश जैन एवं पं नितिन जैन के मार्गदर्शन में संचालित श्री आदिनाथ विद्या धार्मिक पाठशाला अंतर्गत समाज के बच्चो ने जैन विधि अनुसार आज संपूर्ण पूजन विधि एवं बाल बोध भाग 1 में इंद्रियो की जानकारी दी गई, धार्मिक संस्कार बच्चों में उत्साह बना रहे इसलिए सांत्वना पुरस्कार एवं संपूर्ण उपस्थित लोगों के स्वल्पाहार के श्री हीरालाल जी शाह पुण्यार्जक बने। कार्यक्रम में सचिव -सुजीत जैन, उपाध्यक्ष -श्रद्धेय कोषाध्यक्ष -दिलीप जैन, सहसचिव- विजय जैन, कार्य. सदस्य-महावीर जैन, सुनील जैन, चंद्रेश जैन, देवकुमार जैन, राहुल एवं, शालिनी जैन, मंजुला जैन, चंपा बाई जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मांगो को लेकर फेडरेशन का दूसरे चरण का आंदोलन जारी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैठक में राज्य कर्मचारियों के चार सूत्रीय प्रमुख को लेकर अगस्त क्रांति का ऐलान कर चरण बद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया था। इस आंदोलन को झन कर इनकार, हमर सुनव सरकार अब नई सहिबो, मोदी के गारंटी ले के रहिबो का नाम दिया गया है।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, संभाग प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी, जिला संयोजक उमेश मुदलियार ने बताया की आंदोलन के प्रथम चरण 6 अगस्त को नया रायपुर में इंद्रावती भवन से लेकर मंत्रालय तक ऐतिहासिक प्रदर्शन कर जंगी मशाल रैली का आयोजन किया गया था।

दूसरे चरण के प्रस्तावित आंदोलन 20 अगस्त से 30 अगस्त तक राज्य के सभी विधायक, मंत्री, एवं सांसदों को मांगपत्र दिए जाने का आंदोलन जारी है। इसी के तहत राजधानी रायपुर में शनिवार को रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री राजेश मूणत, श्री पूरन्दर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू से भेंटकर ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन ने चार स्तरीय आंदोलन किए जाने की घोषणा कि है। आंदोलन को सफल बनाने राज्य को पांच जोन में बांटकर संभाग प्रभारियों को जिम्मा दिया गया है। तीसरे चरण में 11 सितंबर को जिला/ब्लॉक/एवं तहसीलों में मशाल रैली का आयोजन होगा एवं चौथे चरण में 27 सितंबर को एक दिवसीय हड़ताल कर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन होगा। इसके पश्चात् भी राज्य सरकार ने कर्मचारियों के जायज मांगो को पूरा नहीं किया तो फेडरेशन से जुड़े संगठनों के लाखों कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने लेने बाध्य होंगे। फेडरेशन के प्रदेश प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने आगे बताया कि भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय दिनांक 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत दिए जाने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय वेतनमान दिये जाने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग शामिल है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने भारतरत्न मदर टेरेसा की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर ( विसं )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित भारतरत्न मदर टेरेसा की जयंती 26 अगस्त पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि मदर टेरेसा ने मानवता की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने दीन-दुखियों,अनाथ और असहाय लोगों का सहारा बनकर पूरी दुनिया को सेवा और शांति का पाठ पढ़ाया। उनके स्नेह और समर्पण के कारण लोगों ने उन्हें मदर का दर्जा दिया। सेवा के क्षेत्र में वह इतनी ऊंची उठ गईं कि उन्हें संत की उपाधि से सम्मानित किया गया। मदर टेरेसा का जीवन हमेशा लोगों को मानवता की सेवा के लिए प्रेरणा देता रहेगा।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354